6	कोलनेट एप्लीकेशन	ऑनलाइन मैटेरियल मैनेजमेंट सिस्टम-राजमहल,जहां ओएमएमएस ओरेकल आधारित सिस्टम पर चल रहा है को छोड़कर सभी क्षेत्रीय भंडार गृहों में लागू किया गया है। कार्यान्वयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।
		वित्तीय लेखा प्रणाली: राजमहल, एमआरएस, कल्ला, पोनियटी, रतिबाती जहां समकक्ष प्रणाली चल रही है, को छोड़कर सभी क्षेत्रों में लागू। एफएएस में लागत शीट उप-मॉड्यूल सभी क्षेत्रों में लागू किया गया है।
		कार्मिक सूचना प्रणाली: ईसीएल मुख्यालय में लागू किया गया है।
		पे-रोल: ईसीएल मुख्यालय, सोनेपुर बज़ारी, कुनुस्तोड़िया, कोलकाता विक्रय कार्यालय एवं झांझरा क्षेत्र में कर्मचारी पे-रोल लागू। सभी क्षेत्रों में अधिकारियों के लिए पे-रोल लागू कर दिया गया है।
		विक्रय: सभी क्षेत्रों में रेल विक्रय माड्यूल लागू। रोड विक्रय जीएसटी अनुवर्ती कर चालान कोलनेट से निकाला जा रहा है।
		वीवीआइपी संदर्भ: ईसीएल मुख्यालय में लागू किया गया।
7	ऑनलाइन लीव मैनेजमेंट प्रणाली	अधिकारियों के लिए सभी क्षेत्रों में लागू
8	मोबाइल एप्लीकेशन बिल ट्रेकिंग प्रणाली ऑनलाइन शिकायत निवारण (निदान) स्वच्छ विद्यालय रोड सेल्स (ग्राहक सड़क कोयला वितरण) पर्यावरण	लागू
9	खानों की चहारदीवारी की जियो फेसिंग	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में लागू
10	इंटर एरिया नेटवर्क (एलएएन/डब्लयूएएन)	ईसीएल के सभी क्षेत्र मुख्यालय एवं कोलकाता विक्रय कार्यालय से जुड़ चुके हैं।
11	बॉयोमेट्रीक उपस्थिति	कंपनी के कर्मचारियों के लिए पे-रोल डाटा को बॉयोमेट्रीक उपस्थिति से जोड़ दिया गया है। कुल 7712 संविदा कर्मियों में से 6418 को बॉयोमेट्रीक उपस्थिति से जोड़ दिया गया है।
12	ईएमडी की स्वतः: वापसी	लागू
13	रिवर्स ऑक्शन	₹ 1 करोड़ से अधिक के अनुमानित संविदा मूल्य के लिए लागू।
14	3डी टीएलएस	राजमहल एवं सोनपुर बाजारी में स्थापित

14.5 एकीकरण करार कार्यक्रम का कार्यान्वयन:

ईसीएल में एकीकरण करार विधिवत कार्यान्वित किया जा चुका है और यह प्रचलन में है।

14.6 सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन:

केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार ईसीएल में दिनांक 29.10.2018 से 03.11.2018 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन का विषय "भ्रष्टाचार मिटाएं - नये भारत का निर्माण करें'' था। संपूर्ण कंपनी में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। डीएवी स्कूल निमचा के छात्रों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ईसीएल में एक मोटर साइकिल रैली भी निकाली गई। सरदार वल्लभ भाई पटेल की143वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 31.10.2018 को एक समारोह आयोजित किया गया था। सोनेपुर बाजारी क्षेत्र में ईसीएल द्वारा सीएमपीएफ कार्यशाला/ शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें सीएमपीएफ क्षेत्रीय आयुक्त सहित विभिन्न ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। दिनांक 01.11.2018 को सतर्कता विभाग द्वारा ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों, गुप्ता कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजिकल साइंसेज, आसनसोल (निबंध और सिट-एन-ड्रा) और विभिन्न स्कूलों में निबंध लेखन प्रतियोगिता/ स्लोगन प्रतियोगिता/ पोस्टर प्रतियोगिता/ स्किट आदि का आयोजन किया गया था। दिनांक 02.11.2018 को, सोनेपुर बज़ारी क्षेत्र में ग्राम पंचायतों (चिंचुरिया गाँव-दंगल पारा और सुकांता पल्ली) में जागरूकता के प्रसार के लिए ग्राम सभा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहाँ अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव और सतर्कता पर चर्चा के बाद इस संबंध में नागरिकों को जागरूक किया गया। दिनांक 03.11.2018 को पूर्वाह्न 11:00 बजे, ऑफिसर क्लब, झाल बागान, ईसीएल मुख्यालय में "भ्रष्टाचार मिटाएं - नये भारत का निर्माण करें" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें श्री दीपक वर्मा, डीआईजी सीआईएसएफ, आईएसपी बर्नपुर अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित थे। ईसीएल मुख्यालय में सभी प्रमुख स्थानों और सभी क्षेत्रों/ इकाइयों/ प्रतिष्ठानों/ सार्वजनिक स्थानों जैसे एटीएम, पेट्रोल पंप आदि पर भ्रष्टाचार विरोधी नारों के साथ बैनर एवं पोस्टर लगाए गए।

14.7 महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ:

क. केंद्रीय सतर्कता आयोग ने वर्ष 2018 में ईसीएल को "अनुशासनात्मक कार्यवाही की समय पर समापन" श्रेणी के तहत 'उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित किया।

ख. पिछले वर्ष शुरू की गई कई आईटी पहल और ई-गवर्नेंस से कंपनी अब डिस्काउंट बिडिंग शुरू करने में अग्रणी बन गई है।

ग. कंपनी ने सामान्य प्रबंधन कार्यप्रणाली के साथ सतर्कता गतिविधियों को एकीकृत करके और जागरूकता सह प्रेरणा कार्यक्रम के माध्यम से नियमित रूप से परिचर्चा करके कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के मनोबल को बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। इसका प्रभाव उत्पादन एवं उत्पादकता में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

घ. सतर्कता विभाग द्वारा नियमित निगरानी से ओवर-रिपोर्टिंग की जांच करने के साथ-साथ बकाएदारों से दंड के रूप में मौद्रिक लाभ की बड़ी मात्रा की वसूली में भी मदद मिली है।

ङ. वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान सतर्कता विभाग, ईसीएल द्वारा किए गए विभिन्न औचक निरीक्षणों और सीटीई निरीक्षण के परिणामस्वरूप, ₹ 2868327.26 की राशि की वसूली/ बचत की गई।

च. सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2018 के समापन समारोह में मिशन 'जटायु' को लॉन्च किया गया था। वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान मिशन 'जटायु' के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मिशन 'जटायु' की थीम थी FITE यानी Fairness (निष्पक्षता), Integrity (सत्यनिष्ठा), Transparency (पारदर्शिता) एवं Equality (समानता) है।

15.0 कर्मियों का विवरण:

कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XII के अंतर्गत कंपनी नियमावली, 2014 के नियम 5 (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) में निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक किसी भी कर्मी ने प्राप्त नहीं किया है।

15.1 राजभाषा कार्यान्वयन:

ईसीएल मुख्यालय तथा इसके 11 क्षेत्र, भाषायी क्षेत्र 'ग' (पश्चिम बंगाल) में अवस्थित हैं, जहाँ हमारे 86% कर्मचारी पदस्थापित है। केवल 03 क्षेत्र, भाषायी क्षेत्र 'क' (झारखंड) में अवस्थित हैं। वर्ष 2018-19 के दौरान हिंदी पत्राचार का प्रतिशत,'क'क्षेत्र में 56.08%,'ख'क्षेत्र में 50.46% और 'ग'क्षेत्र में 55.42% दर्ज किया गया। मुख्यालय एवं क्षेत्रों के सभी कंप्यूटरों में यूनिकोड सक्रिय कर दिया गया है, जिससे इन कंप्यूटरों पर हिंदी में काम किया जा सकता है। प्रत्येक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है, ताकि हिंदी पत्राचार में वृद्धि हो सके। गृह मंत्रालय, भारत सरकार को राजभाषा संबंधित त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन भेजी जा रही है।

वर्ष 2018-19 के दौरान, मुख्यालय में 1 से 14 सितंबर, 2018 तक हिंदी पखवारे का आयोजन किया गया था और साथ ही हिंदी भाषी और गैर-हिंदी भाषी

कर्मचारियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया था। दिनांक14.09.2018 को 'हिंदी पखवारा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, मुख्य वक्ता डॉ. कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, एसोसिएट प्रोफेसर (हिंदी), आसनसोल बालिका महाविद्यालय तथा समस्त कार्यकारी निदेशकगण उपस्थित थे। पखवारा के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मुख्यालय के विभागों और क्षेत्रों को सम्मानित किया गया।

वर्ष 2018-19 के दौरान, 15 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था। दिनांक 26.03.2019 को अखिल भारतीय हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन को किया गया, जिसमें अखिल भारतीय स्तर के कवियों ने श्रोताओं को संबोधित किया। श्री सुबोध कुमार, माननीय संयुक्त निदेशक (राजभाषा), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने ईसीएल मुख्यालय में दिनांक 1 एवं 2 मार्च, 2019 को राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए दौरा किया। श्री कुमार ने की गई गतिविधियों की प्रशंसा की और इसे और बेहतर बनाने के लिए कुछ मूल्यवान सुझाव भी दिए। कंपनी ने दिनांक 02.01.2019 को आयोजित कोयला मंत्रालय, भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति की बैठकों में भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। ईसीएल ने दिनांक28.11.2018 को नराकास की 60वीं बैठक का आयोजन किया।

वर्ष 2018-19 के दौरान 'ज्योत्सना' (कंपनी की गृह पत्रिका) के दो अंक प्रकाशित हुए। इसके अलावा, ईसीएल के सालनपुर क्षेत्र से एक वार्षिक हिंदी पत्रिका 'ऊर्जा स्रोत' प्रकाशित की गई। हिंदी में एक वॉल पोस्टर "ईसीएल समाचार" का नियमित प्रकाशन किया जा रहा है, जिसमें ईसीएल से संबंधित अलग-अलग खबरों और कर्मचारियों की उपलब्धियों आदि को सचित्र प्रकाशित किया जा रहा है। ईसीएल दर्पण (द्वैमासिक पत्रिका, द्विभाषी-हिंदी एवं बांग्ला) को नियमित रूप से प्रकाशित किया जा रहा है और वर्ष 2018-19 के दौरान इसके 06 अंक प्रकाशित किए गए हैं। इसके अलावा, विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जा रही विभिन्न पत्रिकाओं, जैसे 'चेतना','सचेतना', एवं 'जागृति' आदि में हिंदी निबंध तथा अन्य विषयों को प्रकाशित किया जाता है। नराकास मुख्यालय द्वारा अपने सदस्यों के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ईसीएल को 42 टीमों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

17.0 कंप्यूटरीकरण तथा सूचना प्रौद्योगिकी युक्त सेवाएँ:

17.1 ईसीएल में ई-निविदा प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ:

क. वर्ष 2018-19 के दौरान, कुल 4365 निविदाएँ सीआईएल ई-टेंडरिंग पोर्टल: http://coalindiatenders.nic.in पर प्रकाशित किए गए,जिनमें से 2873 निविदाओं को पूरा किया गया, 549 को निरस्त किया गया और शेष निर्णय के विभिन्न स्तरों में है।

ख. ई-टेंडरिंग में शामिल हैंग आउट/ टीम व्यूअर, एम्मी एडमिन, एनी डेस्क इत्यादि आधुनिक सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके सभी क्षेत्रों कर्मशालाओं में संस्थानिक तथा रिमोट माध्यम से प्रशिक्षण/सहायता उपलब्ध करायी गयी।

ग. मा .सं .वि. में 42 नव नियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं (एमटी) और मौजूदा अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ ई-खरीद के संबंध में विचार-विमर्श एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

घ. वर्ष 2018-19 के दौरान मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों एवं कर्मशालाओं के 142 अधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) की व्यवस्था की गई।

ड. वर्ष 2018-19 के दौरान ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से टेंडर पूरा होने की औसत चक्र अवधि 90 रही। ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से निविदा पूर्ण होने की न्यूनतम चक्र अवधि 15 दिन है।

17.2 विशेष उपलब्धियाँ:

क. कोलनेट: ईसीएल मुख्यालय के केंद्रीय सर्वर में कोलनेट एप्लीकेशन को सक्रिय कर दिया गया है।

कोलनेट मॉड्यूल	क्रियान्वयन की स्थिति
वित्त	सभी क्षेत्रों, स्टोर, वर्कशाप और अन्य प्रतिष्ठानों जैसे माइंस रेस्क्यू स्टेशन और कल्ला सेंट्रल अस्पताल में कार्यान्वित।
सामग्री प्रबंधन	सभी क्षेत्रीय भंडार और कार्यशालाओं में लागू
बिक्री मॉड्यूल (रोड एवं रेल)	सभी क्षेत्रों और तौल सेतुओं (वे ब्रिजों) में लागू
पीआईएस मॉड्यूल	ईसीएल मुख्यालय में केंद्रीकृत रूप से लागू
अधिकारी भुगतान रजिस्टर (पे-रोल)	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में लागू

कोलनेट मॉड्यूल	क्रियान्वयन की स्थिति
कर्मचारी रजिस्टर (पे-रोल)	ईसीएल मुख्यालय, कोलकाता बिक्री कार्यालय, कुनुस्टोरिया, झांझरा, सोनपुर बाजारी, सोदेपुर, मुगमा, सालनपुर और एसपी माइंस में लागू
वित्त मॉड्यूल में नयी पहल	1. कोलनेट के माध्यम से लागत शीट तैयार करना 2. कोलनेट के माध्यम से डीआर-सीआर शीट तैयार करना 3. लैंड लूजर डिलेवरी आदेश तैयार करना 4. बैंक गारंटी निगरानी प्रणाली

ख. मोबाइल एप्लीकेशन विकास:

एप्लीकेशन का नाम	विवरण
ईसीएल भंडारण स्थिति	इस एप्लीकेशन का उपयोग कर ईसीएल के सभी भंडार में किसी भी आइटम की स्टॉक स्थिति देखा जा सकता है।
पर्यावरण	वन मंजूरी, पर्यावरण मंजूरी और ईसीएल के अन्य पर्यावरणीय गतिविधियां

18.0 इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार:

संचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी को और अधिक उन्नत करने के लिए एमपीएलएस क्लाउड में वाइड एरिया नेटवर्क को मुख्यालय (बैंडविड्थ-100 एमबीपीएस) सभी क्षेत्रों (बैंडविड्थ-10 एमबीपीएस) कोलकाता विक्रय कार्यालय (बैंडविड्थ-10 एमबीपीएस) और सभी तौल सेतुओं (बैंडविड्थ-2 एमबीपीएस), केंद्रीय एवं क्षेत्रीय भंडारों (बैंडविड्थ-2 एमबीपीएस), केंद्रीय कार्यशालाओं (बैंडविड्थ-2 एमबीपीएस) और केंद्रीय चिकित्सालय (बैंडविड्थ-2 एमबीपीएस) कुल 135 स्थलों में उपलब्ध कराया गया है। लीज आधारित इंटरनेट लाइन मुख्यालय, सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और रेल तौल सेतुओं (वे-ब्रिजों) में क्रमशः 55 एमबीपीएस, 4 एमबीपीएस एवं 10 एमबीपीएस बैंडविड्थ के साथ उपलब्ध हैं। ऑटो-सह-मैनुअल डायल संचार प्रणाली द्वारा भूमिगत खदानों की संचार प्रणाली को बढ़ाकर कुल 30 खदानों में लागू कर दिया गया है।

रोड वे-ब्रिज, सेंट्रल एंड एरिया स्टोर, सेंट्रल वर्कशाप और केंद्रीय अस्पताल में तेरह नए अतिरिक्त वाइड एरिया नेटवर्क कनेक्शन उपलब्ध कराया गया हैं। भूमिगत खदानों के लिए नए उन्नत ऑटो-कम-मैनुअल डायल संचार प्रणाली के छह सेट खरीदे गए हैं। बेहतर और कुशल संचार के लिए पूरी कंपनी में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली उपलब्ध है।

19.0 भूमि अधिग्रहण एवं भूमि सूचना की स्थिति:

19.1 i) भूमि अधिग्रहण की स्थिति:

वर्ष 2018-19 के दौरान विभिन्न विधियों के तहत भूमि अधिग्रहण/कब्जा की स्थिति का विवरण निम्नलिखित है:

अधिग्रहण की विधि	अधिग्रहीत (हे.में)	कब्जा (हे.में)
काश्तकारी भूमि की सीधी खरीद	102.47	110.03
एल. ए. अधिनियम/ आरएफसीटीएलएआरआर अधिनियम	शून्य	5.41
सीबीए अधिनियम	30	152.547
सरकारी भूमि का हस्तांतरण	शून्य	57.984
वन भूमि का अंतरण	शून्य	शून्य
कुल	**132.47**	**325.971**

19.2 सरकारी भूमि का स्थानांतरण:

पश्चिम बंगाल:

क. वर्तमान वर्ष में राज्य सरकार द्वारा सरकारी भूमि के स्थानांतरण से संबंधित निम्नलिखित मामलों का अनुमोदन कर दिया गया हैं:

क्षेत्र	परियोजना	भूमि की मात्रा (एकड़)
बांकोला	सर्पी	1.13
	ऊखरा	15.42

कुनुस्टोरिया	एगरा	7.18
सालनपुर	सरीशताली एवं जामग्राम	11.62

ख. राज्य सरकार के पास सरकारी भूमि के स्थानांतरण से संबंधित निम्नलिखित मामले लंबित हैं:

क्षेत्र	मौजा	भूमि की मात्रा (एकड़)
केंडा	न्यू केंडा	2.81
	बोनबाहल	8.81

झारखण्ड:

चित्रा ईस्ट ओसीपी में कुल 137.02 एकड़ भूमि, जिसमें 95.75 एकड़ सरकारी भूमि और 41.27 एकड़ गोचर भूमि है, के हस्तांतरण के लिए राज्य सरकार ने ₹ 43,55,42,372/- की मांग की है, जिसे दिनांक 19.02.2019 को जमा किया गया है।

कोयला मंत्रालय से अनुमोदन प्राप्त:

क. कुछ गांव, केंडा क्षेत्र के न्यू केंदा ओसीपी के क्वारी-2 क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। ये गाँव रानीगंज मास्टर प्लान के तहत आते हैं, जिनमें अस्थिर स्थान सं. 65 और 80 भी हैं। दिनांक 21.02.2019 के पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है उक्त अस्थिर स्थानों के पीआइसी (फोटो पहचान पत्र-एडीडीए द्वारा जारी किए गए) धारकों के पुनर्वास के लिए रानीगंज मास्टर प्लान की कार्यान्वयन एजेंसी, एडीडीए को 4.83 एकड़ भूमि सौंपने के प्रस्ताव को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

ख. कें.औ.सु.बल रिजर्व कैंप एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए सिधाबारी मौज़ा में लगभग 18 एकड़ ज़मीन को कें.औ.सु.बल को पट्टे पर हस्तांतरित करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान की गई है।

19.3 सीबीए (ए ऐंड डी) अधिनियम, 1957 के तहत प्रगति:

परियोजना का नाम	जिला/ राज्य	क्षेत्र	आवेदन की तिथि	स्थिति
झांझरा संयुक्त परियोजना	पश्चिम बर्दवान, प. ब.	30 हे	31.03.2017	क) एस.ओ. सं.1254 दिनांक 19.03.2017 के माध्यम से धारा 4(1) और एस.ओ. सं. 1103 (1) दिनांक 09.03.2018 के माध्यम से धारा 7 (1) के तहत भारत के राजपत्र में नामांकन प्रकाशित कर दिया गया। ख) एस.ओ. सं. 1278 दिनांक 30.08.2018 के माध्यम से धारा 9(1) के तहत भारत के राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दिया गया। ग) एस.ओ. सं. 175दिनांक 28.01.2019 के माध्यम से धारा 11(1) के तहत भारत के राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दिया गया।
अमरकंडा-मुरगादंगल	दुमका, झारखंड	767.77 हे	20.02.2019	धरा 4 (1) के तहत भारत के राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित करने के लिए दिनांक 20.02.2019 को कोयला मंत्रालय को ऑनलाइन आवेदन किया गया था। इसके बाद दिनांक 28.03.2019 को इसे आधिकारिक गजट में प्रकाशन के लिए भेजा गया था।

19.4 पुनर्वास की स्थिति:

वर्ष 2018-19 के दौरान पुनर्वास के लिए निम्नलिखित कदम उठाये गये:-

क्षेत्र का नाम	दिए गए भूखंड	प्लॉट के बदले में आर्थिक मुआवजा	स्थानांतरित किए गए परियोजना प्रभावित लोगों की वास्तविक संख्या
सोनपुर बाजारी	698	105	0
एस. पी. खान	0	0	0
पांडववार	235	161	0
राजमहल	0	9	0
कुनुस्टोरिया	0	0	13
कुल	933	275	13

19.5 विशेष उपलब्धियाँ:

i. ईसीएल को विरासत में मिली भूमि के अभिलेखों की खोज और डीड की प्रमाणित प्रतियों का संग्रह:

1950-1971 की अवधि से लेकर 52 मौजों में लगभग 3800 एकड़ के विलेखों की प्रमाणित प्रतियां जिला मजिस्ट्रेट, पूर्व बर्धमान के कार्यालय से एकत्र किया जा चुका है।

ii. प्रणाली सुधार:

(i) देवभूमि के खरीद और दाखिल खारिज मुद्दे को हल करना: देवभूमि से निपटने के लिए कोई सुपरिभाषित नीति/प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांत नहीं था। पश्चिम बंगाल सरकार के विभिन्न राज्य प्राधिकारियों के साथ हुई कई बैठकों में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। अंततः: 17 अगस्त, 2018 को प्रमुख सचिव/एलआरसी, प. ब. और 29 सितंबर, 2018 को सचिव, भूमि एवं भू-राजस्व, प. ब. ने देवभूमि की खरीद-प्रक्रिया के लिए दिशानिर्देश जारी किया।

(ii) पश्चिम बंगाल सरकार के सहायक बंदोबस्त अधिकारी की रिपोर्ट के परिशिष्ट A-1 में शामिल भूमि की रिकॉर्डिंग का हल, जिन्होंने पश्चिम बंगाल भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत ईसीएल के पक्ष में सर्वेक्षण किया था: यह मामला पीएमजी पोर्टल में अपलोड किया गया था। पश्चिम बंगाल के प्रमुख सचिव/एलआरसी सहित राज्य एवं केंद्र सरकार के प्राधिकारियों के साथ कई बैठकें की गईं। दिनांक 29 सितंबर, 2018 को इस मुद्दे के समाधान के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया और ईसीएल को एलटीएस के लिए आवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया और यह कहा गया कि इसके उचित सत्यापन के बाद कलेक्टर बाधा रहित उक्त ए-1 भूमि का आरओआर निर्गत करेंगे।

20.0 सुरक्षा प्रबंधन:

सुरक्षा विभाग का लक्ष्य कंपनी की सामग्री एवं परियोजनाओं की सुरक्षा है तथा कोयला चोरी एवं अवैध खनन गतिविधियों को रोकना है। कंपनी में तीन प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था मौजूद है।

1. ईसीएल सुरक्षा	-	2089 कर्मचारी
2. सीआईएसएफ	-	1027 कर्मचारी
3. संविदा सुरक्षा	-	1500 कर्मचारी
4. होम गार्ड	-	170 कर्मचारी

ईसीएल सुरक्षा :

ईसीएल सुरक्षा कर्मियों का मुख्य कर्तव्य कंपनी की संपत्ति यानि भंडार, कार्यालय, बारूद घर, कोल डिपो/ साईडिंग्स, कॉलोनियों की सुरक्षा करना और प्रबंधन के आवश्यकतानुसार वीआईपी की एस्कॉर्टिंग करना है। लोडिंग होने तक लोडेड रेलवे रेक, टिपिंग ट्रकों/कोल डिपो से डंपरों/साइडिंग से रेलवे वे-ब्रिजों की एस्कॉर्टिंग करना है। कोई संदिग्ध सूचना एवं खुफिया जानकारी प्राप्त होने पर हमारे सुरक्षा कर्मियों, स्थानीय पुलिस और के.औ.सु.ब. द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी भी किया जाता है और कोयला चोरी में शामिल ट्रकों/वाहनों को जब्त किया जाता है तथा अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें स्थानीय पुलिस थाने को सौंप दिया जाता है और तदनुसार उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जाती है। ईसीएल में हड़ताल/घेराव/प्रदर्शन/भूख हड़ताल प्रदर्शन के समय और ईसीएल के क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर कंपनी के सुरक्षा कर्मियों को भी तैनात किया जाता है।

संविदा सुरक्षा:

सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए ईसीएल सुरक्षा कर्मियों के साथ संविदा सुरक्षा कर्मियों को भी तैनात किया जाता है।

सीआईएसएफ:

सीआईएसएफ को ईसीएल की राजमहल, सोनपुर बज़ारी एवं एसपी माइन्स में स्थायी तौर पर तैनात किया गया है। इसके अलावा,मुगमा, सालनपुर, श्रीपुर, कुनुस्टोरिया, पांडववार, कालीदासपुर और सतग्राम क्षेत्र में भी इनके लिए कैंप बनाये गए हैं। वे अवैध खनन, कोयले की अवैध तस्करी और अवैध कोयला डिपो के विरूद्ध छापामारी करने के लिए मोबाइल ड्यूटी पर तैनात रहते हैं और कोलियरी/क्षेत्र में हड़ताल/घेराव के दौरान भी तैनात किए जाते हैं।

होमगार्ड:

मुगमा, एसपी माइंस एवं राजमहल क्षेत्र में ईसीएल सुरक्षा कर्मियों के साथ 170 होमगार्ड तैनात किए गए हैं।

सुरक्षा की मूल समस्या :

क. सुरक्षा अधिकारियों तथा अन्य स्तर के सुरक्षा कर्मियों की कमी, जिसे मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में यथाशीघ्र भरने की आवश्यकता है।

ख. क्यूआरटी/सुरक्षा जांच वाहन को पीटीटी मोटोरोला संचार सेट जैसे सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित किए जाने की आवश्यकता है।

ईसीएल में सुरक्षा विभाग के पुनर्गठन के लिए उठाए गए कदम:

क. सीआईएसएफ मुख्यालय को 700 के.औ.सु.बलों का अनुरोध भेजा गया है। इन्हें विशेष रूप से ईसीएल के बारूद घरों में तैनात करने की योजना है, जिनमें से 210

के.औ.सु.ब. जवानों का अनुमोदन गृह मंत्रालय द्वारा दिया गया है।

ख. लगभग 800 अन्य श्रेणी के कर्मियों को सुरक्षा गार्ड (प्र.) में परिवर्तित किया गया है और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया गया है।

ग. रेलवे साइडिंग में सीसीटीवी आरएफआईडी एवं बूम बैरियर जैसी अन्य मशीनों की स्थापना के लिए एजेंसियों से संपर्क किया गया है।

घ. स्थानीय पुलिस थानों से जब्त कोयले को इकट्ठा करने के लिए एक तंत्र तैयार किया गया है। ईसीएल ने विभिन्न पुलिस थानों से जब्त कोयले को प्राप्त किया है।

ड. पश्चिम बंगाल एवं झारखंड के राज्य पुलिस प्रशासन के साथ सुरक्षा कर्मियों (प्रशिक्षु) को बुनियादी प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण सूची अभी प्रक्रियाधीन है।

कोयले के अवैध खनन/परिवहन की रोकथाम के लिए उठाए जा रहे कदम:

क. खुफिया जानकारी इकट्ठा करना।

ख. विभागीय पे-लोडर/ डोजर और कभी-कभी अनुबंधित माध्यम से अवैध कोयला खनन स्थलों तथा भू-धंसान क्षेत्र को डोजिंग करना/भरना/सील करना।

ग. सीआईएसएफ,पुलिस एवं ईसीएल सुरक्षा कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से औचक जाँच/ छापामारी करना और चोरी में शामिल वाहनों के साथ अवैध कोयला/तस्करी-कोयले को जब्त करना और अपराधियों को पकड़कर उन्हें स्थानीय पुलिस थानों को सौंपना।

घ. अवैध खनन और कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिए पश्चिम बंगाल एवं झारखंड राज्य के जिला प्राधिकारियों के साथ राज्य एवं जिला स्तरीय बैठक (पश्चिम बंगाल के बर्दवान, बांकुरा, पुरुलिया एवं बीरभूम और झारखंड के साथ संयुक्त जिला स्तरीय बैठक) की गई है।

ड. जिला प्राधिकारी एवं सब-डिविजन प्राधिकारी द्वारा संबंधित पुलिस थानों को अपनी सतर्कता बढ़ाने का सलाह दिया गया है, ताकि डोजिंग किए गए अवैध खनन स्थलों को फिर से खोलने से रोका जा सके।

च. क्षेत्रीय दल द्वारा प्रभावित स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है, जिसमें सीआईएसएफ अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक, क्षेत्रीय सर्वे अधिकारी, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी संयुक्त रूप से शामिल होते हैं और तदनुसार उचित रणनीति बनाने के लिए कमांडेंट, सीआईएसएफ कार्यालय में नियमित रूप से बैठकें की जाती हैं।

छ. न्यायालय में लंबित मामलों के तार्किक निष्पादन के लिए ईसीएल ने वकील की प्रतिनियुक्ति की है।

ज. निचली अदालत और आसनसोल के सत्र न्यायालय में लोक अभियोजक के साथ भी चर्चा की गई है ताकि अदालत में लंबित मामले की त्वरित सुनवाई के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

कोयले की चोरी रोकने के लिए उठाए गए कदम:

क. कोयले की चोरी को रोकने के लिए सीआईएसएफ,निजी सुरक्षा कर्मियों एवं ईसीएल सुरक्षा कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण/ छापामारी की जाती है। औचक निरीक्षण/ छापामारी के दौरान अवैध कोयले की जब्त किया जाता है और अपराधियों को पकड़कर उनके विरूद्ध स्थानीय पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की जाती है। करने के बाद उन्हें पुलिस को सौंप दिया जाता है।

ख. सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों द्वारा साइडिंग से रेलवे तौल सेतु (वे-ब्रिज)तक कोयले से लदी रेक की एस्कॉर्टिंग की जाती है।

ग. ईसीएल ने न्यायालय में लंबित मामलों की पैरवी करने के लिए पेनल वकील को प्रतिनियुक्ति किया है, जो लोक अभियोजक के साथ परामर्श करके न्यायालय में लंबित सभी मामलों के तार्किक निष्पादन हेतु प्रयास करेंगे।

घ. कोयला चोरी को रोकने के लिए सभी क्षेत्रों में जीपीएस आधारित वाहन निगरानी प्रणाली शुरू की गई है।

20.1 सीआईएसएफ, ईसीएल सुरक्षा कर्मियों, डीजीआर प्रायोजित सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय पुलिस द्वारा जब्त किए गए अवैध तस्करी-कोयले एवं अवैध खनन कोयले का विवरण:

वर्ष	राज्य	छापामारी की संख्या	जब्त कोयला (टन)	जब्त वाहन	पकड़े गए अपराधियों की संख्या	दर्ज एफआईआर की संख्या
अवैध तस्करी-कोयले की जब्ती						
2018-19	पश्चिम बंगाल	1186	11063.39	64	30	224
	झारखण्ड	586	4885.23	01	-	135
	कुल	1772	15948.62	65	30	359

2017-18	कुल	1464	11013.77	49	36	175
	अंतर	308	4934.85	16	-6	184
ईसीएल सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ तथा स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध खनित कोयला की जब्ती						
2018-19	पश्चिम बंगाल	624	1280.18	27	-	184
	झारखण्ड	291	171.45	-	-	64
	कुल	915	1451.63	27	0	248
2017-18	कुल	687	115.29	-	3	84
	अंतर	228	1336.34	27	-3	164

उपर्युक्त आंकड़े सीआईएसएफ, ईसीएल सुरक्षा कर्मियों तथा पुलिस द्वारा कोलियरी परिसर के बाहर की गई जब्ती से संबंधित है। यह कोयला अवैध खनन स्थलों अथवा अवैध तरीकों/अवैध कोयला भंडारों से ट्रकों द्वारा परिवहन किया जा रहा था।

डोजिंग/सीलिंग/अवैध खनन स्थलों की भराई के दौरान ईसीएल के पट्टाधारित एवं गैर-पट्टाधारित क्षेत्र के बाहर डोजिंग स्थल पर ईसीएल के सुरक्षाकर्मियों सहित सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस को भी तैनात किया जाता है। वर्ष2018-19के दौरान अवैध कोयला खनन को रोकने के लिए 2054स्थलों की डोजिंग/भराई की गई। कोयला चोरी तथा अवैध कोयला खनन की हानिकारक गतिविधि के नियंत्रण के लिए राज्य प्रशासन भी सक्रिय है।।

20.2 अन्य सामग्रियों की चोरी/वसूली:

वर्ष	2018-19	2017-18	अंतर (वृद्धि/कमी)
घटनाओं की सं.	117	107	10
एफआईआर/सूचना की सं.	76	61	15
चोरी की गई संपत्ति (₹ में)	27,38,418.34	16,94,808.18	1043610.16
वसूली की गई संपत्ति (₹ में)	3,66,622.50	1,43,540.20	223082.30
पकड़े गए अपराधियों की सं.	08	07	01

20.3 कोयले के अवैध खनन एवं चोरी को रोकने के लिए आईटी पहल:

अवैध कोयला खनन एवं चोरी को रोकने के लिए शून्य सहिष्णुता एवं सत्यनिष्ठा के साथ निम्नलिखित आईटी पहलों को लागू किया गया है:-

क. सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी लगाना
ख. आरएफआईडी की स्थापना
ग. वाहन ट्रैकिंग प्रणाली
घ. एकीकृत ईंधन प्रबंधन प्रणाली
ङ. खानों में प्रवेश करने वाले वैध व्यक्तियों की पहचान करने के लिए बॉयोमेट्रीक
च. सुरक्षा के लिए प्रबंधन सूचना प्रणाली (स्वचालित शिकायत प्रणाली, श्रमशक्ति की मांग, फाइलिंग प्रणाली आदि को स्वचालित किया जाना)
छ. खान प्रहरी मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग

21.0 आउटसोर्सिंग ओसी पैच:

वर्ष 2017-18 में कंपनी ने 33 आउटसोर्सिंग ओसी पैचों से 310.08 लाख टन कोयले का उत्पादन किया तथा 1015.14 लाख घनमीटर मलवा हटाया, जिससे गत वर्ष के 32 आउटसोर्सिंग पैचों से 251.99 लाख टन कोयले का उत्पादन तथा 898.42 लाख घनमीटर मलवा हटाई की तुलना में इस वर्ष कोयला उत्पादन में 23.05%तथा मलवा हटाई में 12.99% की वृद्धि दर्ज की गई।

22.0 कारपोरेट गवर्नेंस:

कारपोरेट गवर्नेंस वह प्रक्रिया है जिसके तहत शेयरधारकों एवं सामाजिक अपेक्षाओं को पूरा किया जाता है। यह एक प्रतिबद्धता है,जिसके तहत शेयरधारकों के मौलिक विश्वास को बढ़ाया जाता है, कार्य में पारदर्शिता, संगठन के सभी घटकों के बीच अपने विश्वास मूल्यों को बढ़ाया जाता है। कारपोरेट गवर्नेंस एक ऐसा अनुशासन है जो बोर्ड, प्रबंधन तथा कर्मचारियों को शेयरधारकों के हितों में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करता है। इसमें एक रचनात्मक, सकारात्मक सोच एवं गतिविधि शामिल है जो विभिन्न हितधारकों के मूल्यों को बढ़ावा देता है।

ईसीएल सभी क्षेत्रों के संचालन, अपने सभी हितधारकों की बैठक, शेयरधारकों के मूल्यों को बढ़ावा देने, सभी अंशधारकों को समय पर सभी तथ्यात्मक सूचना उपलब्ध कराने में पूरी पारदर्शिता एवं जवाबदेही पूर्ण कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। जोखिम कम करने एवं भूमि संबंधी कानूनों के अनुपालन, रणनीति कार्यान्वयन में कंपनी को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कंपनी के पास एक ठोस पद्धति है।

हमारी कंपनी में कारपोरेट गवर्नेंस की धारणा यह है कि दक्षता एवं विकास के सुधार में कारपोरेट गवर्नेंस की अहम भूमिका हो और साथ ही यह निवेशकों के विश्वास को बढ़ाने में सहायक हो। यह धारणा निम्नलिखित है :

"एक कॉरपोरेट नागरिक के रूप में कंपनी बेहतर कॉर्पोरेट पद्धति, अंतःकरण पर आधारित, सादगी, निष्पक्ष, व्यावसायिकता तथा विभिन्न हितधारकों में विश्वास उत्पन्न करने की जवाबदेही एवं दीर्घकालिक सफलता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।"

हमारी कंपनी के कारपोरेट गवर्नेंस पर एक रिपोर्ट अनुलग्नक-VI में दिया गया है तथा 31 मार्च, 2019को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी द्वारा कारपोरेट गवर्नेंस के अनुपालन के संबंध में लेखा परीक्षक से प्रमाणीकरण भी अनुलग्नक-VII में दिया गया है।

कंपनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 92 के अनुपालन में वित्त वर्ष 2018-19के लिए कंपनी का वार्षिक विवरण हमारे वेबसाइट www.eastercoal.gov.in पर उपलब्ध है। (संलग्नक-VIII)

23.0 आभार:

आपके निदेशकगण भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, पश्चिम बंगाल सरकार, झारखण्ड सरकार एवं कोल इंडिया लिमिटेड को पूरे वर्ष मूल्यवान निर्देशन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। वे कंपनी के कर्मचारियों को भी धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने पूरे मन से कंपनी के हित में कार्य किया। वे सभी मजदूर संगठनों को भी धन्यवाद देते हैं जिन्होंने दिन-प्रतिदिन प्रबंधन को अपना सहयोग प्रदान किया है। वे पूरी तरह आश्वस्त है कि कंपनी के सभी स्तर के कर्मीगण आगामी वर्षों में कंपनी के निष्पादन को बेहतर बनाने के लिए कठिन परिश्रम करते रहेंगे ताकि कंपनी आगामी वर्षों में अपने प्रदर्शन में सुधार ला सके।

आपके निदेशकगण वैधानिक लेखा परीक्षक, लागत लेखा परीक्षक तथा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, कर लेखा परीक्षकों, समवर्ती लेखा परीक्षक, कंपनी रजिस्ट्रार, पश्चिम बंगाल सरकार तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को भी उनके द्वारा दिए गए सहयोग और निर्देशन के लिए धन्यवाद देते हैं। आपके निदेशकगण उन उपभोक्ताओं को भी धन्यवाद देते है जिन्होंने कंपनी को संरक्षण प्रदान किया।

इस रिपोर्ट के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न है :

i) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के तहत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी।

ii) 2013 के अनुभाग 204(1) के अनुसार कंपनी सचिव द्वारा फॉर्म संख्या एमआर-3 में प्रस्तुत सचिवीय लेखा-परीक्षा रिपोर्ट कंपनी अधिनियम, (अनुलग्नक-IX)।

iii) विदेशी मुद्रा में आय एवं व्यय (अनुलग्नक-X)

iv) कंपनी के अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का विवरण (अनुलग्नक - XI)।

v) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(2) एवं 134(3)(एफ) के तहत निदेशक के रिपोर्ट का अनुशेष जिसमें वैधानिक लेखा परीक्षकों का रिपोर्ट एवं प्रबंधन का उत्तर शामिल है।

निदेशक मंडल की ओर से

(प्रेम सागर मिश्र)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन-07379202

कोलकाता
दिनांक : 30 जुलाई, 2019

3.3. 31 मार्च, 2019 तक ईसीएल के कमान क्षेत्र में कार्यान्वित की गयी अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की स्थिति:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
1	भूमिगत खान में फंसे खनिकों की अवस्थिति प्रणाली परियोजना कोड - CIL/R&D/1/35/10 कार्यान्वयन एजेंसी: टीसीएस, सीएमसी एवं सीएमपीडीआईएल (एमई)	489.70	15 जनवरी, 2010	मार्च 2015	447.86	एमएफ सिस्टम का सफल क्षेत्र परीक्षण झांझरा यूजी खदान, ईसीएल में पूरा हुआ। डीजीएमएस, धनबाद से फील्ड ट्रायल की अनुमति प्राप्त करने के बाद, समिति ने टीसीएस / सीएमसी, कोलकाता को यह सलाह दी कि इसे विचार हेतु शीर्ष समिति के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले, एक विस्तृत रिपोर्ट समय विस्तार प्रस्ताव के साथ सीएमपीडीआई के समक्ष प्रस्तुत करें। शीर्ष समिति के की सलाह के अनुसार सीएमपीडीआई एवं टीसीएस ने विकसित प्रणाली के क्षेत्र परीक्षण की अनुमति जारी करने के संबंध में डीजीएमएस के साथ इस विषय पर चर्चा की है। क्षेत्र परीक्षण अनुमति अभी भी प्रतीक्षित है।
2	भूमिगत खनन मशीनों के ट्रेलिंग केबलों के लिए रबर कंपाउंड एवं मरम्मत तकनीक का विकास परियोजना कोड:- CIL/R&D/1/54/2013 कार्यान्वयनएजेंसी: आईआईटी, खड़गपुर एवं ईसीएल	204.07	मार्च 2013	फरवरी, 2016	202.65	परियोजना पूरी हो चुकी है तथा अंतिम रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है और परियोजना के तहत, अब तक, ईसीएल की पटमोहना कोलियरी से संग्रहित 25 वर्ग मिली मीटर व्यास तथा 70 मीटर लंबाई के एक ट्रेलिंग केबल की आईआईटी, खड़गपुर द्वारा विकसित रबड़ कम्पाउन्ड से मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया तथा ट्रेलिंग केबल को कोलियरी में वापस आपूर्ति करने के पहले विभिन्न प्रकार की आवश्यक जाँचे कर ली गयीं हैं। जे के रोपवेज़ से संग्रहित 55 वर्ग मिली मीटर व्यास तथा 125 मीटर लंबाई के एक अन्य क्षतिग्रस्त ट्रेलिंग केबल की भी मरम्मत नव-विकसित रबड़ से की गयी। केबल का उच्च वोल्टेज परीक्षण किया गया तथा कमजोर एवं दोषपूर्ण हिस्सों को हटा दिया गया और मजबूत हिस्सों को जोड़ दिया गया। जनवरी, 2015 में आईआईटी, खड़गपुर को ईसीएल से 561 मीटर क्षतिग्रस्त ट्रेलिंग केबल प्राप्त हुई, जिसकी मरम्मत कर उसके जमीनी परीक्षण के लिए ईसीएल को वापस भेज दिया गया है। क्षतिग्रस्त केबलों की मरम्मत के पश्चात आईआईटी, खड़गपुर ने इनके जमीनी परीक्षण के लिए इन्हें ईसीएल के खदानों में भेज दिया है। इन तारों के प्रदर्शन पर निगरानी रखी जा रही है और तभी अंतिम निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकेगा। दिनांक 09.10.2018 को संपन्न शीर्ष समिति की 28वीं बैठक में उपर्युक्त परियोजना की समापन रिपोर्ट पर चर्चा की गई थी। दिनांक 18.04.2019 को निर्धारित सीआइएल की आर ऐंड डी बोर्ड की अगली बैठक में इसके परिणाम पर पुन: चर्चा की जाएगी।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
3	हाई एश कोल गैसीफिकेशन तथा संबंधित अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम प्रक्रिया (कोयला से रसायन, सीटीसी) प्रोजेक्ट कोड: CIL/R & D/03/03/2076 कार्यान्वयन एजेन्सी: आईआईटी-आईएसएम-धनबाद, आईआईटी-रुड़की, सीएमपीडीआईएल-राँची, एमसीएल-सम्बलपुर, ईसीएल-सांकतोड़िया एवं सीसीएल-राँची। तकनीकी सहयोग आईआईटी- आईएसएम, धनबाद तथा ऑस्ट्रेलियायी विश्वविद्यालय (i) कर्टेन विश्वविद्यालय बेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, पर्थ 6102 (ii) द यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, विक्टोरिया 3010, ऑस्ट्रेलिया तथा (iii) मोनास विश्वविद्यालय, क्लेटन, विक्टोरिया 3800, ऑस्ट्रेलिया	2160.721 आईआईटी, आईएसएम के लिए-1872.007 आईआईटी रुड़की के लिए-131.804 एवं सीएमपीडीआईएल, रांची के लिए-156.910	20 जुलाई, 2017	19 जुलाई, 2020	1685.00 आईआईटी, आईएसएम के लिए-1580.00 आईआईटी रुड़की के लिए-105.00 सीएमपीडीआईएल, रांची के लिए- शून्य	**<u>आईआईटी-आईएसएम, धनबाद</u>** क. साहित्य सर्वेक्षण पूरा। ख. परियोजना के लिए आवश्यक सभी उपकरणों की विशिष्टता का फ्रीजिंग कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त उपकरण का स्वदेशी डिजाइन प्रगति पर है। ग. दिनांक 09.01.2018 को सीएमपीडीआईएल (मुख्यालय) रांची में एक बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें आईआईटी-आईएसएम, धनबाद,सीएमपीडीआई, सीसीएल, एमसीएल तथा सीआईएल (मुख्यालय), कोलकाता शामिल थे, जिसका उद्देश्य इस परियोजना के लिए आवश्यक उप ऐश % के कोयले का संग्रह एमसीएल, सीसीएल तथा ईसीएल की खानों/सीमों से करना था। **<u>आईआईटी, रुड़की</u>** क. "फिजियोशोरेप्शन / केमिशोरेप्शन सिस्टम" खरीदने का आदेश दे दिया गया था। ख. फ्लो-मीटर के साथ "उच्च दबाव रिएक्टर" और अन्य विश्लेषण सुविधाओं की खरीद प्रक्रियाधीन है। ग. समस्याओं और संभावित समाधानों की पहचान के साथ विभिन्न उत्प्रेरकों के प्रदर्शन की तुलना की गई थी। घ. विभिन्न मार्गों से कैनेटीक्स एवं ऊष्म प्रवैगिकी सहित कुछ इंजीनियरिंग पहलुओं की भी समीक्षा की गई है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
4	माइनिंग स्लोप सरफेस के सुरक्षित क्षेत्र में उपयोगिता का आकलन तथा ग्राउन्ड आधारित इंटरफेरोमेट्री सिंथेटिक अपर्चर रडार (जीबीएलएन एसएआर) कार्यान्वयन एजेन्सी: आईआईटी खड़गपुर और ईसीएल, सांकतोड़िया परियोजना कोड संख्या - CIL/R &D//01/65/2017	478.27 आईआईटी खड़गपुर के लिए- 478.27 ईसीएल के लिए– शून्य	1 अगस्त, 2017	31 जुलाई, 2019	430.00	क. रडार स्थापना के लिए खदान स्थल की पहचान तथा सोनेपुर बाजारी, ईसीएल के परामर्श से कंट्रोल रूम बनाया गया था। ख. आईआईटी, खड़गपुर ने डब्ल्यूपीसी, संचार मंत्रालय, नई दिल्ली में रडार के उपयोग की अनुमति के लिए आवेदन दिया है। सोनेपुर बज़ारी क्षेत्र, ईसीएल में माइन स्लोप मॉनिटरिंग रडार के लिए नियमित मूल्यांकन के संबंध में डब्ल्यूपीसी से आशय-पत्र प्राप्त हो गया था। ग. तदनुसार, उपरोक्त परियोजना के तहत सोनपुर बाजारी में GbInSAR की स्थापना के लिए स्पेक्ट्रम शुल्क का भुगतान आईआईटी द्वारा ईसीएल के माध्यम से कर दिया गया है। घ. सभी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर औजारों के साथ सभी GbInSAR उपकरणों की स्थापना और चालू करने का काम दिनांक 04.10.2018 को सफलतापूर्वक पूरा हो गया था। ङ. जब से इस उपकरण की स्थापना हुई तब से यह बिना रुके सातों दिन चौबीसों घंटे काम कर रहा था। किंतु आपूर्ति कर्ता के साथ कुछ विवाद होने के कारण 12 मार्च, 2019 से यह अस्थायी रूप से बंद है। च. एकत्र किए गए आंकड़ों का विश्लेषण आईआईटी, खड़गपुर में किया जा रहा है। छ. परिकल्पना के अनुसार 4-6 अक्टूबर, 2018 के दौरान खनन कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। परियोजना की शेष अवधि के दौरान और अधिक प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे। विवाद को हल करने और स्थापित उपकरण का जल्द परिचालन शुरू करने के लिए दिनांक 05.04.2019 को आईआईटी खड़गपुर को एक पत्र भेजा गया था और उसकी प्रतिलिपि ईसीएल को भी दी गई थी।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
5	पिट वाटम तथा भूमिगत खदान मार्गों एवं कार्यस्थल का ऑप्टिकल फाइबर आधारित सोलर इल्यूमिनेशन। कार्यान्वयन एजेन्सी: आईआईटी खड़गपुर तथा ईसीएल, सांकतोड़िया परियोजना कोड संख्या - CIL/R &D//01/66/2017	155.53 आईआईटी खड़गपुर के लिए- 155.53 ईसीएल के लिए –शून्य	1अगस्त, 2017	31जुलाई, 2020	120.00	क. प्रारंभिक साहित्य सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। ख. ऑप्टिकल फाइबर को छोड़कर, इस परियोजना के लिए आवश्यक अन्य सभी प्रमुख उपकरण की खरीद के लिए आदेश जारी कर दिये गए थे। उम्मीद है कि अगस्त, 2018 के अंत तक सभी उपकरण स्थापित हो जाएंगे। ग. फाइबर क्लीवर, स्लिपर्स और प्रकाश युग्मन के लिए खरीद का आदेश दिया जा चुका है और उम्मीद है कि ये उपकरण शीघ्र ही आईआईटी, खड़गपुर आपूर्ति कर दिये जाएंगे। घ. सिमुलेशन और प्रयोगों की मदद से एलईडी लाइट की रोशनी के बिखराव को रोका जा रहा है, ताकि एलईडी लाइट की रोशनी का अधिकतम लाभ उठाया जा सके। ड. रोशनी के सर्वोत्तम संभव विकल्पों का पता लगाने के लिए तीन प्रकार के एलईडी का परीक्षण किया गया है। च. कम और अधिक लंबाई वाले लेंस का उपयोग करते हुए कुछ ऑप्टिकल फाइबरों में किया गया है। छ. प्रारंभिक प्रयोग किए गए हैं। उपर्युक्त प्रयोगों से और विकसित कपलिंग की सहायता से, लाइट कपलिंग की कार्य-क्षमता को 55% तक बढ़ाया जा सकता है। ज. परियोजना के लिए अन्य आवश्यक प्रयोगशाला प्रयोग आईआईटी, खड़गपुर में किए जा रहे हैं।
6	व्यापक उत्पादन तकनीक के लिए खानों में हवा की आवश्यकता परियोजना कोड : CIL/ R&D/01/63/2016 कार्यान्वयन एजेन्सी: यूएमडी,सीएमपीडीआई (मुख्यालय), राँची	491.27	1 नवंबर, 2016	31 अक्टूबर, 2019	120.39	साहित्य सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। परियोजना के लिए आवश्यक सभी उपकरणों की विशिष्टता को पूरा कर लिया गया है। उपकरण खरीद की प्रक्रिया जारी है। कुछ उपकरणों की खरीद का आदेश पहले ही दिया जा चुका है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
7	जोखिम आधारित खान से आपातकालीन निकासी और पुनः प्रवेश प्रोटोकाल को शामिल करते हुए जोखिम मूल्यांकन और भारत में कोयले तोड़ने के लिए अपेक्षित विस्फोटक क्षमता के निर्धारण द्वारा विस्फोट के खतरे की रोकथाम और शमन के लिए दिशानिर्देशों का विकास परियोजना कोड : CIL/R & D/1/60/2016 कार्यान्वयन एजेंसियां: सिंफर, धनबाद, आईएसएम, धनबाद, एस ऐंड आर डिवीजन, सीआइएल(HQ), कोलकाता और एसआइएमटीएआरएस, ऑस्ट्रेलिया।	1629.71 आईआईटी-आईएसएम के लिए- 833.57 सिंफर के लिए- 796.14	15 अप्रैल, 2016	14 अप्रैल, 2019	1567.76 आईएसएम के लिए - 810.00 सिंफर के लिए- 757.76	**सिंफर, धनबाद:** इलेक्ट्रोमैग्नेटिक छलनी शेकर, प्रोग्राम करने योग्य भट्टी और इलेक्ट्रॉनिक संतुलन, बम कैलोरी मीटर, 2000 सेल्शियस तक प्रोग्राम करने योग्य एयर ओवन, कण आकार विश्लेषक खरीदे गए हैं। कुछ अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ 20 एल विस्फोट कक्ष की खरीद की प्रक्रिया सिंफर, धनबाद में प्रक्रियाधीन है। बीसीसीएल, एमसीएल और सीसीएल के 25 खानों से नमूना संग्रह का काम पूरा हो चुका है। शेष खदानों से नमूने संग्रह का काम चल रहा है। बीसीसीएल सीसीएल से एकत्रित नमूनों का अनुमानित विश्लेषण, डीएससी और क्रिटिकल ऑक्सीकरण विश्लेषण पूरा हो गया है। 20 एल विस्फोट कक्ष में फैलाव मॉडलिंग का सीएफडी सिमुलेशन कार्य सिंफर, धनबाद में प्रक्रियाधीन है। **आईआईटी-आईएसएम, धनबाद:** एसआइएमटीएआरएस, ऑस्ट्रेलिया के साथ परामर्श से प्रयोगात्मक सेट-अप का डिजाइन तैयार किया जा रहा है। आईआईटी-आईएसएम, धनबाद में उपकरण खरीद जारी है। आवश्यक उपकरणों की वास्तविक लागत [परियोजना प्रस्ताव में यथा प्रस्तावित] अनुमानित लागत से बहुत अधिक है। प्रत्येक उपकरण [इस परियोजना के लिए चार उपकरण आवश्यक] की वास्तविक लागत अनुमानित लागत से अधिक है। इसी कारण से, आईआईटी-आईएसएम, धनबाद ने एक बार में सभी चार उपकरणों की खरीद का आदेश नहीं दिया है। आईआईटी-आईएसएम, धनबाद से आवश्यक अनुमोदन के बाद, सभी औजारों एवं सॉफ्टवेयरों के साथ विश्लेषणात्मक सॉफ्टवेयर सहित गैस क्रोमैटोग्राफ, सॉफ्टवेयर सहितआर-70 सूचकांक का सेट और सॉफ्टवेयर सहित गैस मूल्यांकन विशिष्टता नामक तीन उपकरणों की खरीद के लिए आदेश दे दिया गया है। लागत में वृद्धि के कारण सभी औजारों एवं सॉफ्टवेयर के साथ 30 मीटर लंबे विस्फोट परीक्षण कैनन/ट्यूब की खरीद का आदेश नहीं दिया गया है। दिनांक 23.03.2019 को संपन्न शीर्ष समिति की 29वीं बैठक में इस परियोजना के लागत संशोधन तथा समय विस्तार प्रस्ताव पर चर्चा की गई थी।

3.4. 31 मार्च, 2019 तक ईसीएल के कमान क्षेत्र में कार्यान्वित की गयी कोयला मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित एस एंड टी परियोजनाओं की स्थिति:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
1	भूमिगत कोयला खदानों के लिए टेलि-रोबॉटिक एवं दूरस्थ संचालन तकनीक का विकास-एमटी (ईओआई) /162 कार्यान्वयन एजेंसी: सीएमईआरआई, दुर्गापुर, सिंफर, धनबाद एवं सीएमपीडीआईएल, राँची	440.12 सीएमईआरआई के लिए - 251.57, सिंफर के लिए- 125.55 और सीएमपीडीआईएल के लिए - 63.00	सितंबर. 2012	सितंबर. 2019	373सीएमईआरआई के लिए-235.00, सिंफर के लिए- 75.00 तथा सीएमपीडीआईएल के लिए - 63.00	क. इस परियोजना के तहत, ईसीएल के खोट्टाडीह खदान में टेली-रोबोट विकसित किया गया है और इसका क्षेत्र परीक्षण किया गया। ख. विकसित रोबोट पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी करने में सक्षम है, जैसे CO2, CH4, O2 का प्रतिशत, और आर्द्रता एवं तापमान। वास्तविक समय ग्राफिकल-यूजर-इंटरफेज़ (जीयूआई) आधारित नेविगेशन कैमरा सेंसर डाटा से भूमिगत खानों में रोबोट की स्थिति और परिचालन वातावरण के 3 डी तस्वीर को प्रदर्शित करने में सक्षम है। कई वायरलेस राउटर के माध्यम से रोबोट के साथ लंबी दूरी तक संचार भी स्थापित किया गया था। ग. परियोजना के प्रस्तावक को सलाह दी गई कि विकसित रोबोट को ठीक करने के लिए डीजीएसएससे अनुमोदन के बाद ही क्षेत्र परीक्षण किया जाए ताकि पर्यावरण के मापदंडों के अनुपालन के लिए भूमिगत खानों में इसे दूर से उपयोग किया जा सके। घ. एसएएमईईआर, कोलकाता से IS प्रमाणन प्राप्त हो चुका है और सिंफर, धनबाद से प्राप्त अन्य आवश्यक प्रमाणपत्र भी प्राप्त किए गए हैं। ङ. डीजीएमएस से क्षेत्र परीक्षण की अनुमति की प्रतीक्षा है।
2	ब्लास्ट डिजाइन और विखंडन नियंत्रण-उत्पादकता विशेषता-मीट्रिक टन/164 क्रियान्वयन एजेंसी: सिंफर, धनबाद।	303.86	जनवरी. 2013	सितंबर. 2016	250.00	क. सिंफर द्वारा परियोजना समापन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। ख. ब्लास्टिंग द्वारा रॉक विखंडन पर ब्लास्ट डिजाइन मापदंडों का महत्वपूर्ण प्रभाव है। निरंतर चार्ज फैक्टर के साथ भार और रिक्ति में भिन्नता के साथ प्रयोगात्मक परीक्षणों से पता चलता है कि घटते बोझ और रिक्ति के साथ खंड का आकार घटता जाता है। ग. निरंतर बोझ और रिक्ति और चर प्रभारी कारक के साथ प्रायोगिक परीक्षण का मतलब है कि बढ़ते प्रभार के कारण खंड आकार में कमी आ गई है। घ. देरी करने वाले डेटोनेटर में प्रकीर्णन विस्फोट के छिद्रों के फायरिंग अनुक्रम को प्रभावित करता है और इसके बाद में प्रति विलंब विस्फोटक भार को बदल दिया गया है। ये परिवर्तन मुख्य रूप से डेटोनेटरों की खराबी के कारण हुए हैं और ब्लास्ट भिन्नता के बढ़े स्तर के साथ वांछित विखंडन स्तर को प्रभावित करते हैं। इस प्रकार, विलंब समय और फायरिंग अनुक्रम का रॉक विखंडन पर महत्वपूर्ण प्रभाव है, जो विस्फोट प्रदर्शन को प्रभावित करते हैं।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
						ङ. यह पाया गया कि ब्लास्ट फ्रेगमेंटेशन आउटपुट तथा सर्वोतम अनुमानित मूल्य लगभग3 होने पर स्टिफनेस अनुपात महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उच्च कठोरता मूल्य के मामले में, बोझ या रिक्ति में परिवर्तन का रॉक विखंडन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। विशेष रूप से बेंच के केंद्र में चट्टान को विस्थापित और ख़राब करना आसान है लेकिन दूसरी ओर, ब्लास्ट होल विचलन से संबंधित समस्या हो सकती है। इस प्रकार, बेहतर परिणामों के लिए कठोरता अनुपात 2 से अधिक होना चाहिए। च. दिनांक 22.12.2017 को आयोजित एसएसआरसी की तकनीकी उप-समिति की 17वीं बैठक में परियोजना के परिणाम पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सिंफर, धनबाद को उस खदान के प्रबंधन से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की सलाह दी, जहां इस परियोजना के तहत क्षेत्र परीक्षण किया गया। सिंफर द्वारा अभी तक संबंधित खदान से प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।
3	भारत के दामोदर बेसिन की शेल गैस क्षमता का मूल्यांकन-CE(EoI)/30 कार्यान्वयन एजेंसी: एनजीआरआई, हैदराबाद, सिंफर, धनबाद और सीएमपीडीआईएल, रांची	2038.09 एनजीआरआई के लिए - 813.84 सिंफर के लिए - 169.95 एवं सीएमपीडीआईएल के लिए - 1054.30	दिसंबर, 2012	दिसंबर, 2019	1738.26 एनजीआरआई -790.00, सिंफर -140.00, सीएमपीडीआईएल - 808.26	इस परियोजना के अंतर्गत सभी उपकरण खरीद लिए गए। रानीगंज कोलफील्ड्स के रांगामाटी बी ब्लॉक तथा झरिया कोलफील्ड्स के राधा नगर पीपराटांड ब्लॉक को 3डी सिस्मिक सर्वे के लिए उपयुक्त स्थल के रूप में चुना गया है। पेट्रोग्राफिक विश्लेषण, एडोप्शन आइसोथर्म जांच, प्रोक्सीमेट विश्लेषण इत्यादि सिंफर, धनबाद तथा एनजीआरआई, हैदराबाद द्वारा किए गए हैं। एनजीआरआई, हैदराबाद द्वारा रानीगंज कोलफील्ड्स के रांगामाटी बी ब्लॉक तथा झरिया कोलफील्ड्स के राधा नगर पीपराटांड ब्लॉक में 3डी सिस्मिक सर्वे किया गया है। आंकड़ों के विश्लेषण का कार्य चल रहा है। कोयला मंत्रालय से धन की संपुष्टि होने के बाद 8 बोर-होल के ड्रिलिंग का काम शुरू कर दिया गया है।

परिशिष्ट-III

3.14 चालू परियोजनाओं के कार्यान्वयन की परियोजना निगरानी और स्थिति:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत पूंजी (₹ करोड़ में)	अनुमोदन की मूल तारीख	समापन की निर्धारित तारीख	पूरा होने की अपेक्षित तारीख	टिप्पणी
1.	सोनपुर-बाज़ारी संयुक्त ओसी (8.00 एमटीवाई)	1055.05	अगस्त2012	मार्च-2018	मार्च-2020	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन - 2016-17: 8.92 एमटीवाई 2017-18: 9.72 एमटीवाई 2018-19: 10.03 एमटीवाई रेलवे साइडिंग और नए सीएचपी का निर्माण कार्य प्रगति पर है। भूमि पर कब्जा करने और आर ऐंड आर कार्य प्रगति पर है।
2.	हुरा-सी ओसी (3.00 एमटीवाई)	359.69	अक्टूबर-2015	मार्च-2022	मार्च-2022	चरण-II वानिकी स्वीकृति और भूमि पर कब्जा प्रक्रियाधीन है।
3	झांझरा संयुक्त पीआर (3.50 एमटीवाई)	602.86	नवंबर-2015	मार्च- 2022	मार्च- 2022	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन - 2016-17: 2.44 एमटीवाई 2017-18: 3.17 एमटीवाई 2018-19:3.38 एमटीवाई
4	न्यू केंडा ओसीपी (1.20 एमटीवाई)	127.72	नवंबर-2014	मार्च-2019	मार्च-2020	दिनांक22.07.2018 से ओबी हटाने का कार्य पुन: शुरू किया गया है। दिनांक 28.12.2018 से कोयला उत्पादन शुरू। वर्ष 2018-19 के दौरान कोयला उत्पादन 0.103 मीट्रिक टन है।
5	कुमारडीह-बीसीएम भूमिगत (1.02 एमटीवाई)	117.91	मई-2014	मार्च-2023	मार्च-2023	इंकलाइन नंबर I की प्रगति:103 मी. आरसीसी बॉक्स सहित 910 मीटर। इंकलाइन-II की प्रगति: 103 मी. आरसीसी बॉक्स सहित 180 मीटर। अगस्त-19 में एक सेट एलएससीएम के शुरू होने की उम्मीद है.
6	चित्रा पूर्व ओसी (आरसीई) (2.50 एमटीवाई)	513.99	अगस्त-2018	मार्च-2024	मार्च-2024	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन - 2017-18:1.56 एमटीवाई 2018-19: 2.03 एमटीवाई चरण-II वानिकी मंजूरी, भूमि कब्जा और आर ऐंड आर कार्य प्रगति पर हैं।
7	मोहनपुर विस्तार ओसी (1.00 एमटीवाई)	14.23	जून-2008	जून-2013	अप्रैल-2019	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन – 2016-17: 0.999 एमटीवाई 2017-18: 0.999 एमटीवाई 2018-19: 0.748 एमटीवाई भूमि पर कब्जा और आर ऐंड आर में देरी हो रही है। विस्तार पीआर (2.50 एमटीवाई) तैयार हो गया था और यह सीआइएल बोर्ड द्वारा अनुमोदन की प्रक्रिया में है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत पूंजी (₹ करोड़ में)	अनुमोदन की मूल तारीख	समापन की निर्धारित तारीख	पूरा होने की अपेक्षित तारीख	टिप्पणी
8	खोट्टाडीह सीएम भूमिगत (0.60 एमटीवाई)	127.17	मई-2015	मार्च-2016	दिसंबर-2019	दिनांक14.09.18 को मैसर्स CMATL-SXTD-CMML कंसोर्टियम एजेंसी के साथ जोखिम एवं लाभ के आधार पर सीएम पैकेज के लिए अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
9	खोट्टाडीह विस्तार ओसीपी (1.60 एमटीवाई)	140.25	मई-2017	मार्च-2020	मार्च-2020	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन - 2017-18: 1.28 एमटीवाई 2018-19: 1.07 एमटीवाई बिलपहाड़ी गांव का आर ऐंड आर प्रक्रियाधीन है।
10	सिदुली (ओसी:1.20 एमटीवाई और भूमिगत: 1.63एमटीवाई)	535.18	मई-2018	मार्च-2026	मार्च-2026	भूमि अनुसूची तैयार की जा रही है। अस्थिर स्थान 105 (हटिया बस्ती) के स्थानांतरण के मुद्दे का निपटान एडीडीए के साथ मिलकर किया गया है।
11	नकरकोंडा कुमारडीह बी ओसी (3.00 एमटीवाई	502.68	अगस्त-2018	मार्च-2029	मार्च-2029	भूमि अनुसूची तैयार की जा रही है। ओबी हटाने के लिए एचओई के लिए प्रस्ताव अनुमोदनाधीन है। कोयला के लिए एचईएमएम का मांग-पत्र भेज दिया गया है और यह अनुमोदनाधीन है।
12.	तिलाबनी भूमिगत (1.86 एमटीवाई)	916.62	फरवरी-19	मार्च-2027	मार्च-2027	दिनांक 12.02.2019 को आयोजित सीआईएल बोर्ड द्वारा अपनी बैठक में परियोजना रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया था।
13	परसिया- डोबराना भूमिगत (0.16 एमटीवाई)	11.89	फरवरी-2004	मार्च-2009	पुनर्गठन के तहत पीआर	दिनांक 30.10.2018 को ईसीएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित परसिया-बेलबैद पुनर्गठन के लिए पीआर। सीआईएल बोर्ड के ईएससी के समक्ष रखने के लिए प्रतीक्षित।
14	बेलबैद भूमिगत (0.36 एमटीवाई)	69.01	फरवरी-2009	मार्च-2014	पुनर्गठन के तहत पीआर	
15	नाबाकजोरा- माधबपुर ब्लॉक भूमिगत (0.30 एमटीवाई)	56.14	दिसंबर-2006	मार्च-2014	पुनर्गठन के तहत पीआर	दिनांक01.11.2018 को ड्राफ्ट पीआर (यूजी: 1.32 एमटीवाई; ओसी: 0.80 एमटीवाई) प्रस्तुत. दिनांक 12.11.2018 एवं 23.11.2018 को योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। दिनांक 30.03.2019 को संशोधित पीआर प्रस्तुत किया गया।
16	खांद्रा एनकेजे (0.285 एमटीवाई)	18.81	जुलाई-2003	मार्च-2009	पुनर्गठन के तहत पीआर	पुनर्गठन के तहत पीआर
17	बांकोला आर-VI (0.24 एमटीवाई)	19.14	मार्च-2003	मार्च-2009	पुनर्गठन के तहत पीआर	पुनर्गठन के तहत पीआर
18	नारायणकुरी भूमिगत (0.54 एमटीवाई)	149.06	फरवरी-2009	मार्च-2015	पुनर्गठन के तहत पीआर	पुनर्गठन के तहत पीआर

परिशिष्ट :- IV

प्रबंधन का विचार-विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट 2018-2019

भारतीय अर्थव्यवस्था का अवलोकन:

भारत, समान विद्युत क्रय शक्ति के आधार पर, अनुमानित जीडीपी के साथ संयुक्त राष्ट्र और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था है। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। मंत्रालय ने कोयला क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया है ताकि प्रभावी एवं कुशल खनन पद्धति, सुरक्षा सुनिश्चितता, सतत गुणवत्ता तथा ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर, किफायती लागत और खदानों की व्यवहार्यता में सुधार के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। कोयला भारत के एक प्रमुख ईंधनों में से एक है और यह भविष्य में भी भारत के ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रमुख ईंधन बना रहेगा।

भारतीय कोयला उद्योग एवं भंडार :

अप्रैल, 2018 को, भारतीय कोयले का अनुमानित भूगर्भीय स्रोत 1200 मीटर की गहराई तक 319.02 बिलियन टन था (स्रोत: जीएसआई, भारत सरकार)।भारत में, कोयले की उपलब्धता एवं सस्ता होने के कारण, यह ताप विद्युत संयंत्रों के लिए मुख्य ईंधन है।

परिचय :

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का सामान्य परिचय :

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की शुरूआत 01 नवंबर, 1975 को कोल इंडिया की एक अनुषंगी कंपनी के रूप में हुई थी, जिसके अंतर्गत कोयला खनन प्राधिकरण लिमिटेड के पूर्वी संविभाग के साथ 414 खदानों को शामिल किया गया था तथा उसी दिन से कंपनी ने अपने व्यावसायिक परिचालन की शुरूआत कर दी। इसका परिचालन पश्चिम बंगाल व झारखंड राज्य में होता है। वर्तमान में, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कुल 14 परिचालन क्षेत्रों के अंतर्गत 84 चालू खदानें हैं, जिनमें से 54 भूमिगत खदानें, 20 खुली खदानें तथा 10 मिश्रित खदानें हैं। दिनांक 01.04.2018 के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 31.67 बिलियन टन तथा झारखंड में 19.16 बिलियन टन (कुल 50.83 बिलियन टन) कोयले के रिजर्व के साथ ईसीएल भारत में सर्वोत्तम गुणवत्ता युक्त कोयला उत्पादन करने वाली कंपनियों में से एक है।

शक्ति एवं कमजोरी:
प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति:

क. पश्चिम बंगाल राज्य के अंतर्गत ईसीएल कमान क्षेत्र में कुल 31.67 बिलियन टन कोयले का भूगर्भ भंडार है जिसमें से 14.16 बिलियन टन प्रमाणित श्रेणी में आता है। ईसीएल में रानीगंज में 20% से कम ऐश कंटेन्ट सहित प्रीमियम श्रेणी का कोयला है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, इस कोयले को अन्य अनुषंगी कंपनियों से मिले उच्च राख वाले कोयले के साथ मिश्रित किया जा सकता है।

ख. दिनांक 01.04.2018 (जीएसआई के अनुसार) तक झारखंड राज्य में 600 मीटर नीचे तक लगभग 19.12 बिलियन टन कोयले का भंडार है, जिसमें से 5.76 बिलियन टन प्रमाणित श्रेणी में आता है, जिसे खुले खदान बनाकर आसानी से निकाला जा सकता है।

ग. हमारे कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में भी काम करने में सक्षम हैं।

घ. ईसीएल की खदानें राष्ट्रीय राजमार्ग तथा रेलवे कॉरीडोर के आसपास स्थित हैं, जिससे कोयले की निकासी में सुविधा होती है।

ङ. ईसीएल की खदानों का कोयला 6700 किलो कैलोरी/किलो ग्राम से 3401 किलो कैलोरी/किलो ग्राम के सकल ताप मूल्य (जी3-जी13) तक के रेंज का होता है, जिससे इसके उपभोक्ता मिलने में आसानी होती है।

च. ईसीएल को ब्राह्मणी और अमरकोंडा-मुरगादंगल कोयला ब्लॉक आवंटित किए गए हैं और इनमें क्रमशः1900 एमटी और 900 एमटी का विशाल कोयला भंडार हैं। इससे आने वाले वर्षों में ईसीएल की उत्पादन क्षमता में सुधार होगा और यह निकट भविष्य में ईसीएल को 100 एमटी की कोयला कंपनी बनाने में सहायक होगा।

कमजोरियाँ:

क. रानीगंज में कोयले की खदान की शुरूआत लगभग 250 वर्ष पहले हुई थी। अभी भी कंपनी में परंपरागत छोटी खदानें, वाष्प चलित वाईंडर मौजूद हैं, जो अपनी क्षमता से काफी कम काम करती हैं।

ख. कठिन भूगर्भीय परिस्थिति।
ग. जनसंख्या-घनत्व अधिक होने के कारण भूमि-अधिग्रहण में रूकावट आती है।
घ. कोयलाधारित क्षेत्र में आधारभूत संरचना काफी अधिक है, जो कि खुले खदान को प्रभावित करती हैं।
ङ. पम्पिंग एवं बालू भराई की लागत काफी अधिक है।
च. ऊपरी सीमों में भारी जल-जमाव के कारण निचली सीमों में 'वृहत उत्पादन तकनीक' शुरू करने में रूकावट आती है।

अवसर और चुनौतियां:

अवसर:

क. ई-मार्केटिंग के माध्यम से कोयले के बेहतर मूल्य की प्राप्ति।
ख. अवैध खनन को रोकने के लिए छोटे ओसी पैचों फिर से शुरू करना।
ग. उत्पादन व उत्पादकता की क्षमता को बढ़ाने के लिए केन्द्रीय श्रमिक संगठनों से सकारात्मक सहयोग प्राप्त होना।
घ. समस्याओं के समाधान हेतु राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों से मिलने वाले सहयोग में वृद्धि।
ङ. हाईवाल माइनिंग तकनीक की शुरूआत।
च. ईसीएल के पट्टाधारित क्षेत्र में कोल बेड मीथेन (सीबीएम) का अन्वेषण एवं निष्कासन।

चुनौतियाँ:

क. ग्रामीणों द्वारा भूमि अधिग्रहण का विरोध और कंपनी-मानक से अधिक की मांग करना।
ख. अव्यवहार्य भूमिगत खदानों को बंद करने का विरोध।
ग. ऊपरी सतह में भारी जल-जमाव के कारण 'व्यापक उत्पादन तकनीक' शुरू करने तथा खुली खानों के विस्तार के लिए जमीन की कमी।

कारोबारी रणनीतियां:

क. भारतवर्ष में कोयले की मांग एवं आपूर्ति के अंतर को दूर करने के लिए उत्पादन, उत्पादकता एवं क्षमता को निरंतर बढ़ाते रहना।
ख. उच्च श्रेणी के कोयले की बिक्री और ई-ऑक्शन के माध्यम से राजस्व वसूली में वृद्धि करना।
ग. परिचालन में सुधार एवं किफायती लागत के माध्यम से लाभ को बढ़ाना और प्रतिस्पर्धा को व्यवस्थित करना।
घ. विस्तृत अन्वेषण द्वारा भंडार क्षेत्र को सतत बढ़ाते रहना।
ङ. पर्यावरण एवं समाज की दृष्टि से संधारणीय परिचालन के विकास पर ध्यान केन्द्रित करना।
च. अतिरिक्त राजस्व सृजन करने के लिए कोल बेड मीथेन (सीबीएम), कोल माइन मीथेन (सीएमएम) एवं गैसीफिकेशन का अन्वेषण एवं निष्कासन।
छ. अलाभकारी खदानों को बंद करना।
ज. श्रमशक्ति का युक्तिकरण।

बिजनेस रणनीति के एक हिस्से के रूप में कंपनी ने वैश्विक चुनौतियों की पहचान की है और इन चुनौतियों को पूरा करने के लिए रणनीति बनाई जा रही है। कंपनी में विभिन्न पहलों को मिशन मोड में शुरू किया गया है जिनका उद्देश्य कंपनी के मिशन, विजन और उद्देश्य को नए सिरे परिभाषित करना है। कंपनी ने मिशन मोड में निम्नलिखित परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनका उद्देश्य कंपनी की छवि को एक नया रूप दिया जाना भी है:

1. मिशन सुदेश: (SuDESHH - Sustainable Development, Environment, Safety, Health & Hygiene) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य सतत विकास, पर्यावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, एवं स्वच्छता है। संधारणीय विकास का प्रमुख सारतत्व, भावी-पीढ़ी के अधिकारों से समझौता किए बिना वर्तमान-पीढ़ी की जरूरतों को पूरा करना है। वैश्विक नेतृत्व प्राप्त करने के लिए, ईसीएल वैश्विक चुनौतियों स्वीकार करता है और उसे समझता है, जिसके तहत संधारणीय विकास, पर्यावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे मुद्दे आते हैं और इसलिए, एक जिम्मेदार संगठन होने के नाते, मिशन सुदेश: (SuDESHH) का उद्देश्य एक स्थायी और बेहतर ईसीएल का निर्माण करना है।

2. मिशन संजीवनी (SANJIBANI - Systemic Advancements, New Jobs, Integrated Business & New Initiatives) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य व्यवस्थित उन्नति, नये रोजगार, एकीकृत व्यवसाय और नई पहलें है।

3. मिशन सुमित (SUMIT - Systematic Upgradation of Mining & Information Technology) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य खनन और सूचना प्रौद्योगिकी का योजनाबद्ध रूप से उन्नयन करना है। चूंकि, लगभग सभी खदानों में बहुत पुराने एवं परंपरागत तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा था, इसलिए सुमित (SUMIT) परियोजना के माध्यम से सूचना-प्रौद्योगिकी के साथ खदानों एवं संबद्ध प्रक्रियाओं को एकीकृत करने की जरूरत महसूस की जा रही थी।

4. मिशन धरोहर (DHAROHAR) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य संग्रहालय का निर्माण करके देश में कोयला खनन की विरासतों, प्राचीन भवनों, संयंत्रों, उपकरणों, मशीनों, यंत्रों, औजारों, धरोहर प्रकृति के मॉडलों की रक्षा एवं उनका संरक्षण करना है।

5. मिशन जटायु (JATAYU) की शुरूआत सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2018 के दौरान किया गया था, जिसका उद्देश्य कंपनी की छवि को नया रूप देने के लिए कर्मचारियों के बीच फाइट (FITE - Fairness, Integrity, Transparency & Equality) अर्थात निष्पक्षता, अखंडता, पारदर्शिता एवं समानता को बढ़ावा देना है।

6. मिशन संबंध (SAMBANDH) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य समस्या निवारक एवं समाधान प्रदाता के रूप में व्यापक पैमाने पर सभी हितधारकों और समुदाय तक संपर्क स्थापित करना है, जो अंततः ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के सुचारु रूप से शुरू करने और ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट को आसान बनाने में सहायक होगा।

7. मिशन इंद्रधनुष (INDRADHANUSH) की शुरूआत देश के विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृतियों, त्योहारों, नृत्य, संगीत और जातीयता को आत्मसात करने के लिए किया गया है। इस पहल के माध्यम से, अलग-अलग क्षेत्रों के विभिन्न उत्सवों को अलग-अलग इकाइयों में आयोजित किया जाता है, जिससे ईसीएल कर्मचारियों तथा इनके पारिवारिक सदस्यों के बीच अपनेपन की भावना का विकास होता है और इससे ईसीएल के प्रसन्नता सूचकांक (हैप्पीनेस इंडेक्स) में भी वृद्धि हुई है।

8. मिशन सुदेश: (SuDESHH) के तहत सुदेश: "मितवा (SuDESHH-MITWA)" नामक एक और मिशन की शुरूआत 1 दिसंबर, 2018 को 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर किया गया है, जिसके माध्यम से असंगठित क्षेत्रों के कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

9. मिशन "मितवा (MITWA)" की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य उचित कार्य संस्कृति के विकास के साथ-साथ ओपनकास्ट और भूमिगत खदानों में सभी उपकरणों एवं मशीनरियों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना है।

उत्पादन:

विवरण	2018-19	2017-18
ओसीपी - कोल (एमटी)	41.10	34.97
भूमिगत कोल (एमटी)	9.06	8.60
कुल (एमटी)	50.16	43.57
वृद्धि %	15.13	7.53
ओबीआर - (एमसीयूएम)	126.06	118.89
विवरण%	6.03	-4.61

विभाग-वार या उत्पादन-वार कार्य निष्पादन :

(मिलियन टन में)

विवरण	2018-19	%	2017-18	%	वृद्धि (%)
एफएसए के तहत बाहरी कंपनियों को प्रेषण	45.006	89.29	39.093	89.60	15.13
ई-नीलामी	3.538	7.02	3.059	7.01	15.69
समझौता ज्ञापन के तहत प्रेषण	1.603	3.18	1.192	2.73	34.44
अन्य	0.075	0.15	0.090	0.21	-16.28
हमारी खपत	0.184	0.37	0.195	0.45	-5.55
कुल ऑफटेक	50.407	100.00	43.629	100.00	15.54

हमारे ग्राहक :

ईसीएल में उत्पादित अधिकांश कोयले को ताप विद्युत संयंत्रों को आपूर्ति की जाती है। इसके साथ विभिन्न उद्योगों जैसे कि स्टील, सीमेंट, स्पंज आयरन, रक्षा एवं अन्य विभिन्न उद्योगों में भी कोयले की आपूर्ति की जाती है।

परिवहन, आधारभूत संरचना और लॉजिस्टिक :

खदान/कार्यस्तल से निकाले गए कोयले को वितरण स्थान तक टिपिंग ट्रक और मालवाहक बेल्ट के माध्यम से पहुँचाया जाता है। ग्राहकगण तक कोयले का वितरण रेल मार्ग, सड़क मार्ग तथा रेल एमजीआर पद्धति के माध्यम से पहुँचाया जाता है।

प्रेषित सभी खेप का वजन ईसीएल के धर्मकांटों (वे-ब्रिजों) पर किया जाता है, जो हमारे सभी प्रेषण केंद्रों पर उपलब्ध हैं अथवा रेलवे के नजदीकी धर्मकांटों (वे-ब्रिजों) पर किया जाता है। प्रेषण केंद्रों से हमारी बिक्री ''फ्री ऑन रेल'' या ''फ्री ऑन रोड'' दोनों माध्यमों से की जाती है, ग्राहक रेल मार्ग या सड़क मार्ग में से किसी एक परिवहन के मार्ग का चयन कर सकते हैं। खदान से निर्धारित प्रेषण स्थल तक कोयले के परिवहन का व्यय उपभोक्ता द्वारा किया जाता है।

हमारे खदानों से कच्चे कोयले के परिवहन के लिए उपयोग में आने वाले विभिन्न परिवहन विधियों से संबंधित विवरण निम्नलिखित है।

(मिलियन टन में)

प्रेषण की विधि	2018-19	2017-18
रेल	34.171	30.430
रोड	2.409	1.814
मैरी गो-राउंड (एमजीआर)	13.644	11.191
कुल	50.223	43.435

कोयले का मूल्य :

वर्तमान समय में कोकिंग कोयले का मूल्य दिनांक 01.01.2012 से प्रभावी उसके सकल कैलोरिक मूल्य पर निर्भर करता है और कोकिंग कोयला और वाशरी ग्रेड कोयले का मूल्य निर्धारण उसके राख की मात्रा के स्तर पर किया जाता है। सेमी-कोकिंग कोल के मूल्य का निर्धारण उसके राख एवं नमी के स्तर पर निर्भर करता है। कोयले के मूल्य का संशोधन आवक लागत, मुद्रास्फीति और आयात कोयले के रख-रखाव-खर्च के आधार पर निर्धारित किया जाता है। ग्राहक के लिए तय किए गए मूल्य में मूल और अन्य खर्च (उपकर, राजस्व, सीमा शुल्क, विक्रय कर और अन्य) को शामिल होता है। ईसीएल और उससे जुड़े ग्राहकों के बीच हुए दीर्घावधि ईंधन आपूर्ति समझौते (एफएसएएस) के अंतर्गत लगभग 90% कोयले की बिक्री की जाती है। इसके अतिरिक्त, ई-नीलामी योजना के अंतर्गत भी कोयले की बिक्री की जाती है।

वितरण एवं बाजार नीति :

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के ग्राहकों से प्राप्त, कोयले की दीर्घावधि एवं अल्पावधि माँग को अंतर्निहित वाणिज्यिक अनुशासन के साथ आश्वस्त, निरंतर, पारदर्शी और कुशल तरीके से पूरा करने के लिए 18 अक्तूबर 2007 में एनसीडीपी जारी की गई है।

ई-नीलामी योजना:

जो ग्राहक एनसीडीपी के अंतर्गत संस्थागत तंत्र के माध्यम अपने कोयले की आवश्यकता को पूरा नहीं कर पाते हैं, ऐसे ग्राहकों को कोयला उपलब्ध कराने के लिए कोयले की ई-नीलामी योजना की शुरूआत की गई है। कोयला मंत्रालय के द्वारा समय-समय पर ई-नीलामी के अंतर्गत ऑफर किए गए कोयले के परिमाण की समीक्षा की जाती है। ई-नीलामी योजना से ग्राहकों द्वारा अतिरिक्त कोयला उपलब्धता का भी एक विकल्प तैयार होता है।

ईंधन आपूर्ति समझौते :

एनसीडीपी के शर्त के आधार पर, कोयला कंपनी ने एक कानूनी ईंधन आपूर्ति समझौता (एफएसए) किया है, जो कि ग्राहकों या राज्य सरकार के द्वारा नामित एजेंसियों से जुड़कर ग्राहकों को उचित वितरण व्यवस्था उपलब्ध कराती है। हमारे ईंधन आपूर्ति समझौते को वृहत रूप से निम्न श्रेणियों में बांटा जा सकता है:-

1. विद्युत उपयोग करने वाले क्षेत्र, जिसमें कि राज्य विद्युत उपयोग, निजी विद्युत उपयोग करने वाले क्षेत्र (पीपीएस) और स्वतंत्र विद्युत उपयोग करने वाले क्षेत्र (आईपीपीएस) के साथ ईंधन आपूर्ति समझौता किया गया है।
2. गैर-विद्युत उद्योगों में (कैप्टिव विद्युत संयंत्र सहित) ग्राहक के साथ ईंधन आपूर्ति समझौता।

3. राज्य की नामित एजेंसियों के साथ ईंधन आपूर्ति समझौता।

4. लिंकेज नीलामी मार्ग द्वारा ईंधन आपूर्ति समझौता।

अनुसंधान एवं विकास:

अनुसंधान एवं विकास के लिए ईसीएल सीआईएल की एक अनुषंगी कंपनी सीएमपीडीआईएल के साथ जुड़ी हुई है। अनुसंधान कार्य को करने के लिए सीएमपीडीआईएल एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करती है, राशि वितरित करती है और साथ ही हमारे अनुसंधान और विकास कार्यों की निगरानी भी करती है।

आंतरिक नियंत्रण पद्धति और उसकी उपयुक्तता:

नियंत्रण और अनुपालन के दृष्टिकोण से आंतरिक लेखा-परीक्षा का अत्यंत महत्व है। प्रत्येक व्यवसाय/कार्यों की समय-समय पर समीक्षा यह सुनिश्चित करती है कि उद्देश्य, उपयोगकर्ता (एसओपी) मैनुअल एवं नियंत्रण सही हैं और निदेशक मंडल एवं लेखा-परीक्षा समितियों को आश्वासन प्रदान करते हैं। यह सुनिश्चित करता है कि उपयुक्त कॉर्पोरेट गवर्नेंस और लेखा-परीक्षा जोखिम नियंत्रण प्रभावी रूप से और कुशलता से काम कर रहे हैं। एक प्रभावी आंतरिक लेखा परीक्षा, बोर्ड को अपने शासन का निर्वहन करने और जिम्मेदारियों को नियंत्रित करने में सहायता करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जारी किए गए कॉरपोरेट गवर्नेंस के विभिन्न संहिताओं ने इस तथ्य का भी अनुकरण किया है कि आंतरिक लेखा-परीक्षा किसी भी संगठन के कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रणाली का एक अभिन्न अंग है।

कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार, कंपनी की पूरी आंतरिक लेखा-परीक्षा चार्टर्ड या लागत लेखाकारों की स्वतंत्र बाहरी ऑडिट फर्मों को सौंपी जाती है। मुख्यालय सहित कंपनी के पंद्रह क्षेत्र/इकाइयों के आंतरिक लेखा-परीक्षा का कार्य करने वाली पंद्रह ऑडिट फर्म हैं। चयन प्रक्रिया में उच्चतम स्कोर रखने वाली फर्मों में से एक को 'सेंट्रल इंटरनल ऑडिटर' या 'लीड ऑडिटर' का काम सौंपा जाता है। कंपनी के आंतरिक लेखा-परीक्षकों का चयन विधिवत गठित समिति द्वारा 'इन्विटेशन ऑफ एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (इआइओ)' प्रक्रिया के माध्यम से और कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा संरचित चयन प्रक्रिया के अनुसार और सख्त अनुपालन से किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग (मुख्यालय) के प्रमुख द्वारा की जाती है। कोल इंडिया लिमिटेड ने ऑडिट फर्मों की शॉर्ट-लिस्टिंग और चयन के लिए विस्तृत मानदंड सहित उनकी नियुक्ति के लिए नियम और शर्तें भी निर्धारित किए हैं और सामान्य कार्य के साथ कार्य का दायरा भी निर्धारित किया है। आंतरिक लेखा-परीक्षा फर्मों की नियुक्ति को शॉर्टलिस्ट कमेटी द्वारा चयन के लिए शॉर्टलिस्ट और प्रस्तावित किया जाता है, अनिवार्य रूप से कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन हेतु ऑडिट कमेटी के मूल्यांकन और सिफारिश के अधीन हैं। आंतरिक लेखा-परीक्षक अपनी आंतरिक लेखा-परीक्षा रिपोर्ट इकाई/क्षेत्र प्रमुखों के साथ-साथ आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग (मुख्यालय), निदेशक (वित्त) और कोल इंडिया लिमिटेड को मासिक आधार पर प्रस्तुत करते हैं। वे एक विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत करते हैं जिसमें कंपनी के संचालन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, कंपनी में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (IFC) के अनुप्रयोग और प्रभावशीलता पर उनके अवलोकन और टिप्पणियां पर नियमित मूल्यांकन शामिल होता है।

आंतरिक लेखा-परीक्षा के अतिरिक्त, एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम कंपनी होने के नाते, इसकी लेखा-परीक्षा महानिदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षा (जिसे पहले, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक या सीएजी के रूप में जाना जाता है) के कार्यालय से लेखा-परीक्षा कर्मियों द्वारा और भारत सरकार के लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के द्वारा भी किया जाता है। सरकारी लेखा-परीक्षकों द्वारा कंपनी के विभिन्न क्षेत्र/इकाइयों में नियमित अंतराल पर, विशेष लेखा-परीक्षा कार्यक्रमों एवं कार्यक्षेत्र के अनुसार, 'निरीक्षण/लेन-देन का लेखा-परीक्षा' किया जाता है,जो पीएसयू विशेष के लिए डीजीसीए द्वारा डिज़ाइन किया गया है। लेखा-परीक्षा प्रेक्षणों से युक्त निरीक्षण रिपोर्ट, सरकार, डीजीसीए के लेखा-परीक्षकों, संबंधित निदेशकों एवं विभागाध्यक्षों द्वारा तैयार की जाती हैं। ट्रांजेक्शन ऑडिट के अलावा, सरकारी लेखा-परीक्षण कंपनी के वार्षिक रिपोर्ट और लेखा को प्रमाणित करने के उद्देश्य से वार्षिक ऑडिट भी करते हैं।

केंद्रीय आंतरिक लेखा परीक्षकों (लीड ऑडिटर्स) को अपनी त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले और इसे लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने पहले, इसका अंतिम रूप वे विभागाध्यक्ष, आईएडी के परामर्श से तैयार करना आवश्यक है। उनके लिए यह भी आवश्यक है कि वे संबंधित क्षेत्रीय प्रमुखों के साथ आवश्यक समन्वय और संचार के माध्यम से सभी ऑडिट टिप्पणियों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित करें। कंपनी/सीआइएल की लेखा परीक्षा समिति,आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और कंपनी से संबंधित प्रक्रियात्मक अनुप्रयोगों पर कड़ी निगरानी रखती है। आंतरिक लेखा परीक्षकों की महत्वपूर्ण टिप्पणियों को समय-समय पर समीक्षा के लिए लेखा-परीक्षा समिति के समक्ष रखा जाता है। लेखा-परीक्षा समिति द्वारा इस तरह के अवलोकनों पर विचार करने के लिए आवश्यक अनुपालन और कार्यान्वयन हेतु विधिवत निर्देश (यदि कोई हैं) निर्गत किए गए हैं।

वित्त वर्ष 2018-19 के लेखा-परीक्षा में ईसीएल के आंतरिक लेखा परीक्षकों के रूप में काम करने वाली विभिन्न ऑडिट फर्मों ने कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों और इकाइयों में कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर संतोष व्यक्त किया है। इस प्रकार कंपनी के पास कंपनी के आकार और उसके द्वारा किए गए व्यापार लेनदेन की प्रकृति के अनुरूप आंतरिक नियंत्रण हेतु एक सक्षम प्रणाली मौजूद है।

भंडार (स्टोर) लेखा परीक्षा:

गोदाम (स्टोर) लेखा परीक्षा की अवधारणा को वित्तीय वर्ष 2018-19 से प्रभावी रूप से कंपनी में लाया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए आंतरिक लेखा परीक्षकों की

नियुक्ति 'इन्विटेशन ऑफ एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (इआइओ)' प्रक्रिया के माध्यम से चार्टर्ड / कॉस्ट एकाउंटेंट्स की चार बाहरी ऑडिट फर्मों को नियुक्त किया गया है। प्रत्येक ऑडिट फर्मों को डीजल एवं लुब्रिकेंट सहित सभी स्टोरों और पुर्जों के सत्यापन के लिए केंद्रीय, क्षेत्रीय, क्षेत्र और कार्यशाला के एक विशिष्ट क्लस्टर का ऑडिट असाइनमेंट आवंटित किया गया है। लेखा परीक्षकों को प्रणाली की पर्याप्तता और सामग्री के भंडारण और प्राप्ति पर टिप्पणी करना आवश्यक है, ताकि सामग्रियों को नुकसान एवं चोरी से बचाया जा सके। सभी स्टोर सामग्रियों के स्टॉक को भौतिक रूप से सत्यापित करने और कार्डेक्स शेष के संदर्भ में टिप्पणी करने की आवश्यकता है। भौतिक और भंडार बही में कमी/अधिकता के संबंध में अंतर/विसंगतियों (यदि कोई हो) का मिलान लेन-देन के विवरण में जाकर उनका किया जाएगा और भौतिक शेष का मिलान मूल्य स्टोर बही के साथ कार्डेक्स शेष एवं लेखा (टैल्ड) से करना आवश्यक होगा।

लागत लेखा-परीक्षा:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(6) और कंपनी (लागत रिकॉर्ड और ऑडिट) नियम2014, के नियम 6(6), वित्त वर्ष 2017-18 के लिए फॉर्म-सीआरए-4 में लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट को 8 अक्टूबर, 2018 को केंद्र सरकार के साथ दायर किया गया था।

परिचालन प्रदर्शन के संबंध में वित्तीय प्रदर्शन पर चर्चा

परिचालन का परिणाम:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2018-19	2017-18	वृद्धि (%)
सकल बिक्री	18385.03	15250.11	20.56%
घटाएं: लेवी	5470.68	4624.10	18.31%
शुद्ध बिक्री	12914.35	10626.01	21.54%
अन्य आय	993.14	841.65	18.00%
कुल आय	13907.49	11467.66	21.28%

कोयले की बिक्री से आय:

बिक्री को सकल बिक्री शुद्ध के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिसमें (I) कोयले और माल एवं सेवाकर पर रॉयल्टी, उपकर सहित विभिन्न वैधानिक शुल्क शामिल। कोयले की बिक्री से होने वाली आय मुख्य रूप से कोयले एवं वितरण के मूल्य निर्धारण एवं उत्पादन पर निर्भर करती है।

व्यय:

प्रमुख मदों का ब्रेक-अप:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2018-19	2017-18	वृद्धि	
			शुद्ध	वृद्धि (%)
स्टॉक में (वृद्धि)/ह्रास	109.50	33.53	75.97	226.57%
स्टोर और स्पेयर्स	721.71	656.99	64.72	9.85%
उत्पाद शुल्क	0.00	146.14	-146.14	-100.00%
वेतन एवं मजदूरी	7448.47	8415.89	-967.42	-11.50%
विद्युत एवं ईंधन	476.39	506.06	-29.67	-5.86%
सामाजिक व्यय	16.46	12.69	3.77	29.71%
संविदात्मक व्यय	1929.81	1587.39	342.42	21.57%
मरम्मत	141.12	153.41	-12.29	-8.01%
अन्य व्यय	643.04	551.12	91.92	16.68%
ओबीआर समायोजन	456.24	274.04	182.20	66.49%
वृद्धि/ह्रास	494.98	443.99	50.99	11.48%
प्रावधान	8.28	-1.24	9.52	767.74%
कर से पहले कुल व्यापक आय	1298.39	-1303.10	2,601.49	199.64%

विवरण	2018-19	2017-18	वृद्धि	
			शुद्ध	वृद्धि (%)
कर के बाद कुल व्यापक आय	706.38	-824.17	1,530.55	185.71%

नकदी प्रवाह:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31-03-2019	31-03-2018
आरंभिक नकद एवं नकद समकक्ष	783.39	737.44
परिचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी	420.57	1320.15
निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकद	-718.68	-1268.16
वित्तीय गतिविधियों में प्रयुक्त निवल नकदी	-6.60	-6.04
नकद और नकदी समतुल्य में परिवर्तन	-304.71	45.95
अंतिम नकद एवं नकदी समकक्ष	478.68	783.39

31 मार्च, 2019 तक समझौता ज्ञापन (एमओयू) लक्ष्य की तुलना में उपलब्धियां:

क्र. सं.	मानक	इकाई	वर्ष 2018-19 के लिए लक्ष्य	वास्तविक उपलब्धि
1	परिचालन से राजस्व	₹ करोड़	₹11519.36 करोड़	₹13409.77 करोड़
2	परिचालन से राजस्व के प्रतिशत के रूप में परिचालन लाभ (शुद्ध)	%	-14%	5.97%
3	पिछले वर्ष की तुलना में कुल आय के प्रतिशत के रूप में कुल व्यय में कमी	%	4.20%	24.43%
4	तैयार माल और कार्य-प्रगति के मालसूची से परिचालन से राजस्व (शुद्ध)	दिनों की सं.	15 दिन	6.49 दिन
5	संचालन (सकल) से राजस्व के दिनों की संख्या के रूप में व्यापार प्राप्य (शुद्ध)	दिनों की सं.	42 दिन	31.31 दिन
6	समग्र आधार पर ऋण के रूप कंपनी के विरुद्ध दावों में कमी, जिसे स्वीकार नहीं किया	%age	5%	-12.11%

मानव संसाधन विकास:

श्रमशक्ति:

श्रेणी	इस तिथि तक श्रमशक्ति		वृद्धि (+)/ ह्रास (-)
	31.03.2019	31.03.2018	
अधिकारी	2084	2217	-133
पर्यवेक्षक	4097	4197	-100
लिपिकीय संवर्ग	2310	2559	-249
अत्यधिक कुशल/कुशल	19982	21090	-1108
अर्ध-कुशल/अकुशल	30141	30978	-837
प्रशिक्षु (गैर-अधिकारी)	1084	755	329
कुल	**59698**	**61796**	**-2098**

श्रमशक्ति में अंतर के कारण:

विवरण	अधिकारी	गैर-अधिकारी	कुल
वृद्धि			
नयी नियुक्ति	63	106	169

विवरण	अधिकारी	गैर-अधिकारी	कुल
चिकित्सकीय अयोग्य मामलों के एवज में नियुक्ति	0	13	13
मृत्यु के मामलों के एवज नियुक्ति.	0	703	703
पुनर्स्थापना/ पुन: नियोजन	0	39	39
अन्य कंपनियों से स्थानांतरण	59	31	90
भूमि के बदले नियोजन	0	412	412
विशेष महिला वीआरएस के बदले नियोजन	0	3	3
गैर-अधिकारी से अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति	2	0	2
अधिकारी से गैर-अधिकारी संवर्ग में वापसी	0	0	0
कुल वृद्धि (क)	**124**	**1307**	**1431**
कमी			
सेवानिवृत्ति	132	2456	2588
मेडिकल अनफिट	0	4	4
मृत्यु	7	558	565
इस्तीफा	30	10	40
अन्य कंपनियों को स्थानांतरण	69	75	144
बर्खास्तगी / सेवा समाप्ति	19	19	38
जीएचएस/ ईवीआरएस के तहत स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति	0	148	148
विशेष महिला वीआरएस	0	0	0
गैर-अधिकारी से अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति	0	2	2
अधिकारी से गैर-अधिकारी संवर्ग में वापसी	0	0	0
कुल कमी (ख)	**257**	**3272**	**3529**
भिन्नता (क-ख)	**-133**	**-1965**	**-2098**

औद्योगिक संबंध :

कंपनी में औद्योगिक संबंध बड़े सौहार्दपूर्ण हैं। कार्यकर्ता अब बाहरी मुद्दों का समर्थन नहीं करते हैं। औद्योगिक संबंध और विधि-व्यवस्था से संबंधित आँकड़े निम्नलिखित हैं:

क्र .सं.	विषय	2018-19	2017-18
1	हड़तालों की सं.	01 (2 दिन)*	0
2	श्रम दिवस की हानि (लाख में)	0.04	0
3	उत्पादन हानि (लाख टन में)	0.05	0

* सरकार के कुछ नीतिगत मामलों जैसे, कोयला खदानों का व्यावसायीकरण, श्रम कानूनों में संशोधन आदि के विरोध में एचएमएस एवं एआइटीयूसी जैसे केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा ईसीएल में दो दिनों की हड़ताल बुलायी गयी थी, जिसका समर्थन, टीयूसीसी, यूटीयूसी, सीएमएल, सीएमडब्ल्यूयू (क्षेत्रीय व्यापार संघ) द्वारा किया गया था। यह हड़ताल आंशिक थी और ईसीएल में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा था और तदनुसार इसे वापस ले लिया गया था।

कानून एवं व्यवस्था

विषय	2018-19	2017-18
विधि व्यवस्था (अशांति)	22	24
उत्पादन हानि (लाख टन में)	0.8	0.02

प्रबंधन में श्रमिकों की सहभागिता:

ईसीएल में, प्रबंधन में श्रमिकों की सहभागिता का कंपनी में विभिन्न स्तरों पर पूरी तरह अनुपालन किया जाता है। संयुक्त सलाहकार समितियां कॉर्पोरेट, क्षेत्र और परियोजना/ इकाई स्तरों पर संचालित हैं। जेसीसी बैठक में उत्पादन, उत्पादकता, आदि जैसे गंभीर एवं महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाती है। अन्य समिति/बोर्ड के अलावा, हमारी कंपनी में द्विपक्षीय सुरक्षा बोर्ड, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति और कोलियरी सुरक्षा समिति, कल्याण बोर्ड आदि भी कार्य कर रही हैं। प्रमुख श्रमिक संगठन ऐसी समिति में भाग लेते हैं और प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच विश्वास एवं सद्भावना को मजबूत करने के अलावा पारदर्शिता, जवाबदेही के संबंध में चर्चा करते हैं।

बैठक	2018-19	2017-18
मुख्यालय स्तर पर आयोजित जेसीसी बैठकों की सं.	05	04
मुख्यालय स्तर पर आयोजित संरचित बैठक की सं.	20	26

एनसीडब्ल्यूए एवं एलएलएस के तहत प्रदान किया गया नियोजन:

निम्नलिखित के तहत नियोजन	2018-19	2017-18
एनसीडडब्ल्यूए	728	369
लैंड लॉस योजना	305	298
सीधा नियोजन	105	177

भर्ती और पदोन्नति में अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण:

अनुसूचित जाति (अनु.जा.), अनुसूचित जनजाति (अनु.ज.जा.) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.व.) की भर्ती के मामले में राष्ट्रपति के निर्देश ईसीएल में लागू किए गए हैं। कुल श्रमशक्ति में एससी और एसटी उम्मीदवारों की भागीदारी निम्नानुसार है:

इस तिथि तक	कुल श्रमशक्ति	अनु.जा. अभ्यर्थी		अनु.ज.जा. अभ्यर्थी	
		संख्या	%	संख्या	%
31.03.2019	59698	16520	27.67	7837	13.12
31.03.2018	61796	16987	27.48	8065	13.05

वर्ष 2018-19 के दौरान किए गए 1297 पदोन्नति में से, अ.जा. समुदाय के 173 उम्मीदवारों और अ.ज.जा. के 86 उम्मीदवारों को पदोन्नत किया गया, जो वर्ष 2017-18 के दौरान क्रमशः 205 एवं 115 था। वर्ष 2017-18 में 16611 की तुलना में दिनांक 31.03.2019 को कार्यरत ओबीसी कर्मचारियों की सं. 16,124 थी।

श्रमिक संघ:

ईसीएल के कर्मचारी काफी संगठित हैं और शायद ही ऐसे कर्मचारी हैं जो किसी भी यूनियनों के सदस्य नहीं हैं। प्रमुख सक्रिय संघ आइएनटीयूसी, एआइटीयूसी, एचएमएस, बीएमसी, यूटीयूसी, सीआईटीयू, आईएनटीटीयूसी आदि हैं। अधिकारी सीएमओएआई के सदस्य हैं। गैर-अधिकारी कर्मचारियों की सेवा, वेतन पुनरीक्षण और अन्य शर्तें जेबीसीसीआई द्वारा प्रतिपादित नेशनल कोल वेज एग्रीमेंट (एनसीडब्ल्यूए), प्रमाणित स्थायी आदेश और सरकारी निर्देशों के अधीन होती है।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटीकरण:

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार गठित ईसीएल की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 2018-19 के दौरान आईसी, ईसीएल द्वारा यौन उत्पीड़न से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं की गई।

31 मार्च, 2019 तक एचआरएम मानकों के समझौता ज्ञापन (एमओयू) लक्ष्य की तुलना में उपलब्धियां:

क्र. सं.	मानक	इकाई	लक्ष्य	उपलब्धि
1.	लोगों की क्षमता परिपक्वता मॉडल (पीसीएमएम) या सीपीएसई में समकक्ष के अनुरूप स्तर का आकलन और मामले पर निर्णय लेने के लिए बोर्ड के समक्ष रखने के लिए, कि क्या इसके स्तर में उन्नयन किया जाना है और यदि हाँ, तो बोर्ड से समय पर अनुमोदन प्राप्त करना और यदि नहीं, तो बोर्ड प्रस्ताव (दिनांक) में औचित्य पूर्ण कारण दर्ज करना।	दिनांक	within 15.12.2018	उत्कृष्ट। अधिकारी स्थापना विभाग द्वारा पीसीएमएम के अनुरूप मूल्यांकन किया गया था और सिफारिशों को ईसीएल बोर्ड द्वारा 07.12.2018 को मंजूरी दी गई थी।
2.	ऑडिट (तिथि) की सिफारिशों पर बोर्ड का मानव संसाधन लेखा परीक्षा एवं निर्णय।	दिनांक	within 15.12.2018	उत्कृष्ट। अधिकारी स्थापना विभाग द्वारा एचआर ऑडिट संचालित किया गया था और सिफारिशें ईसीएल बोर्ड द्वारा 07.12.2018 को अनुमोदित की गई थीं।

3	वित्त विभाग द्वारा ऑनलाइन मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) को एकीकरण सहित कार्यान्वयन (ऑनलाइन डाटा प्रशासन, कर्मचारी स्वयं-सेवा, निकास प्रक्रिया, प्रतिभा प्रबंधन, आदि शामिल)	दिनांक	within 15.12.2018	उत्कृष्ट। ऑनलाइन एचआरएमएस को सीआईएल द्वारा विकसित किया गया था और 13.12.2018 को ईसीएल को भेजा गया था। तदनुसार यह ईसीएल में लागू किया गया था।

प्रशिक्षण:

हम पूरे वर्ष के दौरान सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए निरंतर प्रशिक्षण प्रदान करना चाहते हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट (IICM) जिसका गठन 1994 में कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) द्वारा किया गया था, जो अधिकारियों को उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम, नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम, सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम, युवा प्रबंधक कार्यक्रम, उन्नत रख-रखाव अभ्यास, प्रबंधन विकास कार्यक्रम, प्रशिक्षण और कोचिंग, कनिष्ठ अधिकारियों के लिए कैरियर विकास और सम्प्रेषण कौशल जैसे प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसके अलावा, हमारी कंपनी ने बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु महत्वपूर्ण संख्या में हमारे अधिकारियों और कर्मचारियों (निदेशकों, वरिष्ठ अधिकारियों और गैर-अधिकारियों सहित) को भारत के बाहर कई अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण सत्रों के लिए भेजा है। आईआईसीएम के अलावा, ईसीएल में हमारे चार मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण केंद्र, चौदह क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वीटीसी) हैं जो हमारे कर्मचारियों और अधिकारियों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। नए भर्ती हुए प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए नियमित रूप से अभिप्रेरण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

मानव संसाधन विकास (एचआरडी) द्वारा विभिन्न संस्थानों के छात्रों के लिए जरूरत के आधार पर औद्योगिक / व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाती है। नए दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी ने 2017-18 के 1278 प्रशिक्षणार्थियों की तुलना में 2018-19 में 1525 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया। ईसीएल ने 2018-19 में 2177 संविदाकर्मियों को प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। विवरण नीचे दिया गया है:

1. कार्य योजना: कार्य योजना के अनुसार एचआरडी प्रदर्शन रिपोर्ट (कंपनी में)

वर्ष	पाठ्यक्रमों की संख्या		प्रतिभागी की संख्या							
			लक्ष्य				वास्तविक			
	लक्ष्य	वास्तविक	अधिकारी	पर्यवेक्षक	मज़दूर	योग	अधिकारी	पर्यवेक्षक	मज़दूर	योग
2018-19	229	249	645	579	1550	2774	620	932	2407	3959
2017-18	227	229	643	607	1538	2788	851	853	1501	3205

2. 2017-18 की तुलना में वर्ष 2018-19 के दौरान प्रदान किए गए विभिन्न प्रशिक्षणों का विवरण:

क्र. सं.	प्रशिक्षण की प्रकृति	2018-19				2017-18			
		अधिकारी	पर्यवेक्षक	मज़दूर	योग	अधिकारी	पर्यवेक्षक	मज़दूर	योग
1	**सामान्य / कंपनी में प्रशिक्षण:**								
1.i	3 दिन या उससे अधिक	322	765	2014	3101	251	667	1034	1952
1.ii	3 दिन से कम	298	167	393	858	610	186	467	1263
2	**बाहरी प्रशिक्षण (भारत के अंदर):**								
2.i	**आईआईसीएम में:**								
2.i.क	3 दिन या उससे अधिक	479	0	0	479	352	0	0	352
2.i.ख	अल्पावधि प्रशिक्षण	46	0	0	46	130	0	0	130
2.ii	**कंपनी प्रशिक्षण (आईआईसीएम से इतर):**								
2.ii.क	अल्पावधि प्रशिक्षण	78	04	0	82	77	18	0	95
2.ii.ख	दीर्घावधि प्रशिक्षण	191	14	0	205	113	03	07	123
2.ii.ग	3 दिन या उससे अधिक	24	0	0	24	95	0	0	95
3	**बाहरी (विदेश में)**	04	0	0	04	12	0	0	12
	कुल	**1442**	**950**	**2407**	**4799**	**1640**	**874**	**1508**	**4022**
4	**अन्य प्रशिक्षण और संगोष्ठियां:**								
a.	**प्रशिक्षु:**								
4.क.i	व्यावसायिक	0	0	1525	1525	0	0	1278	1278
4.क.ii	PDPT	0	428	0	428	0	0	302	302

4.क.iii	PGPT	136	0	0	136	0	35	35	35
4.क.iv	अपरेंटिस (कौशल विकास)	0	0	277	277	0	0	68	68
4.ख.	**संगोष्ठी / कार्यशाला (कंपनी को छोड़कर)**	57	0	0	57	100	07	112	112
4.ग.	**सिम्युलेटर प्रशिक्षण**	-	-	-	-	0	0	12	12
कुल		**1635**	**1378**	**4209**	**7222**	**1740**	**916**	**3315**	**5829**

3. कुशल श्रमशक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण:

क्र. सं.	कार्यक्रम का विवरण	प्रतिभागियों की संख्या
1.	फर्स्ट क्लास मैनेजर के लिए कोचिंग क्लास	15
2.	सेकेंड क्लास प्रबंधक के लिए कोचिंग कक्षाएं	12
3.	डम्पर ऑपरेटर का सिम्युलेटर प्रशिक्षण	129
	कुल	**156**

पर्यावरणीय संरक्षण और संरक्षण:

पर्यावरण विभाग ईसीएल के पर्यावरण और वन संबंधी मामलों से संबंधित है। पर्यावरण पर कोयला खनन गतिविधियों के प्रभाव की नियमित निगरानी की जा रही है और वैधानिक मानदंडों, अधिनियमों और नियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त पर्यावरण सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। बेहतर पर्यावरण मंजूरी (क्लीयरेंस) तथा वन मंजूरी के अनुपालन के अलावा, कंपनी ने सतत विकास की दिशा में प्राकृतिक हरित पहल की है। इसी से कंपनी को ISO 9001: 2015, ISO 14001: 2015 और OHSAS 18001: 2015 जैसे प्रमाणन प्राप्त हुए हैं।

1. 2018-19 के दौरान प्रमुख उपलब्धियां:

क. पर्यावरण मंजूरी:

1. क्लस्टर नंबर 4, क्लस्टर नंबर 9 और क्लस्टर नंबर 10 का पर्यावरण क्लीयरेंस में संशोधन किया गया था, जिससे सालनपुर, कुनुस्टोरिया और सतग्राम क्षेत्र के अंतर्गत खदानों से उत्पादन सुविधा होगी।
2. क्लस्टर नंबर 11 का ईसी सशर्त संशोधन से न्यू केंडा ओसीपी (1.2 एमटीपीए) का संचालन को शुरू हो सकेगा।
3. ईआईए अधिसूचना, 2006 के तहत पर्यावरण मंजूरी के नियमितीकरण के संबंध में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 06.04.2018 के अनुपालन में, राजमहल ओसीपी (17.0 एमटीपीए) के लिए अद्यतन प्रपत्र I को ईएसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया और सफलतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया। ईएसी द्वारा उठाए गए बिंदुओं का अनुपालन किया जा रहा है।
4. उल्लंघन प्रस्तावों के लिए पर्यावरण मंजूरी की प्रक्रिया के संबंध में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन के अनुपालन में, मोहनपुर ओसीपी (2.5 एमटीपीए) के लिए अद्यतन प्रपत्र I लागू किया गया और ईएसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। ईएसी की सिफारिशों का अनुपालन किया जा रहा है।

ख. वन मंजूरी:

i) चित्रा ओसीपी (124.28 हैक्टे) का चरण- II वन मंजूरी प्रस्ताव:

1. एफएसी की आवश्यक सिफारिशों के अनुपालन के बाद 17.07.2018 प्रस्ताव पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेज दिया गया था।
2. 28.08.2018 को, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सीएएमपीए खाते में भुगतानों का विधिवत भरा प्रारूप और समुचित फंड के जमा करने के साथ ही वनस्पतियों एवं जीवों के संरक्षण के लिए अद्यतन एवं अनुमोदित योजना जैसे अतिरिक्त अनुपालनों की मांग की थी।
3. राज्य वन विभाग, झारखंड सरकार के साथ समन्वय में वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के लिए योजना तैयार की गई है। मुख्य वन्यजीव वार्डन द्वारा योजना को मंजूरी दे दी गई है और इसके अनुरूप 6.49 करोड़ का फंड जमा किया गया है।

ii) हुर्रा सी ओसीपी (260 हैक्टे) की चरण- II वन मंजूरी :

1. 23.08.2018 को प्रस्ताव पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेज दिया गया था।
2. 15.10.2018 को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सीएएमपीए खाते में किए गए भुगतान के विवरण, अनुमोदित वन्यजीव प्रबंधन योजना की प्रति, सीए की जमीन की स्पष्टता उपयुक्तता के संबंध में अतिरिक्त अनुपालन की मांग की है ।
3. सीए भूमि की उपयुक्तता का विश्लेषण करने के संबंध में दो जिलों, दुमका और गोड्डा में भूमि सर्वेक्षण और निरीक्षण किया गया।
4. इनके अलावा, लंबे समय से लंबित दो अनुपालन जो आगे चलकर हुर्रा सी ओसीपी के प्रस्ताव अग्रेषण को प्रभावित कर सकते थे, का अनुपालन किया गया है:

क) राजमहल ओसीपी के मामले में सीए के लिए 37.67 हैक्टे. गैर-वन भूमि प्रदान करने हेतु लंबे समय से लंबित अनुपालन पर कार्रवाई की गई है।

ख) राजमहल ओसीपी की 17.64 हेक्टेयर वन भूमि को झारखंड सरकार के राज्य वन विभाग को लौटाने के लिए हुर्रा सी ओसीपी के स्टेज II एफसी कंडीशन सं. 23; का भी अनुपालन किया गया है।

ग. वृक्षारोपण और भूमि सुधार:

ईसीएल ने बैकफिल्ड क्षेत्र (50.5 हेक्टे.), बाहरी ओबी डंप (22.2 हेक्टे.) और अन्य समतल जमीन (67.8 हेक्टे.) सहित कुल 140.50 हेक्ट (जो लक्ष्य से 33% अधिक है) भूमि पर वृक्षारोपण किया है। पश्चिम बंगाल राज्य वन विभाग के माध्यम से कुल 3,51,250 पौधे लगाए गए हैं।

घ. आईएसओ प्रमाणन:

समग्र रूप से ईसीएल एक आईएसओ 9001: 2015 आईएसओ 14001: 2015 और ओएचएसएएस 18001: 2015 प्रमाणित कंपनी है। ईसीएल ने आंतरिक आईएसओ लेखा परीक्षकों द्वारा सफलतापूर्वक 2 (दो) आंतरिक निगरानी ऑडिट कराए हैं और प्रमाणन निकाय द्वारा 2 (दो) बाहरी निगरानी ऑडिट किए गए हैं। कंपनी को आईएसओ 9001: 2015 आईएसओ 14001: 2015 और ओएचएसएएस 18001: 2015 के नवीनतम सिस्टम मानकों को जारी रखने के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

ङ. पर्यावरण लेखा परीक्षा:

1. भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (ICFRE) द्वारा राजमहल ओसीपी और सोनेपुर बाजारी ओसीपी के पर्यावरण मंजूरी के अनुपालन पर थर्ड पार्टी ऑडिट सफलतापूर्वक पूरा किया गया। अंतिम ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।
2. कैग द्वारा "खनन गतिविधियों के कारण पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में इसके न्यूनीकरण / शमन" पर निष्पादन लेखापरीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। महानिदेशक, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग, कोलकाता के कार्यालय में 16.11.2018 को एक्जिट कॉन्फ्रेंस बैठक आयोजित की गयी थी।

च. भूजल निगरानी के लिए पीजोमीटर की स्थापना:

भूजल की निगरानी के लिए पर्यावरण मंजूरी की शर्तों के अनुपालन में, ईसीएल ने 30 नग पीजोमीटर वाले बोरवेल स्थापित किए हैं। ईसीएल के सभी क्लस्टरों और स्टैंड-अलोन परियोजनाओं को शामिल करते हुए बाहरी एजेंसियों के माध्यम से 15 स्वचालित वेल रिकार्डर स्थापित होंगे।

छ. वैज्ञानिक अध्ययन:

1. सोनेपुर बाजारी ओसीपी में 100 हेक्टेयर से अधिक भूमि के वृक्षारोपण पर सोनेपुर बाजारी ओसीपी के कार्बन और वाटर फुट प्रिंट के अध्ययन नीरी (NEERI) के माध्यम से किया जा रहा है।
2. ईसीएल की 11 अलग-अलग कॉलोनियों, 2 कर्मशालाओं और 2 अस्पतालों में सीवेज / अपशिष्ट उपचार संयंत्र के उपचार अध्ययन का काम आईआईटी-आईएसएम धनबाद को प्रदान किया गया।
3. 38.44 हेक्टे. वन भूमि के वन मंजूरी (एफसी) आवेदन के लिए तिलबनी भूमिगत खदान के लिए धंसान के अनुमान और प्रबंधन के लिए 3डी में न्यूमेरिकल मॉडलिंग का अध्ययन आईआईटी-बीएचयू को दिया गया है।

परिशिष्ट- V

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधियाँ 2018-19

कंपनी की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा:

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की एक सहायक कंपनी है। ईसीएल ने सीआईएल सीएसआर नीति को अपनाया और लागू किया है जो संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013 के तथा सीआईएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर नियम, 2014 के अनुरूप है। सीएसआर से संबंधित डीपीई दिशानिर्देश संदर्भ संख्या : F. No.-15 (13) / 2013-DPE (GM) दिनांक 21 अक्टूबर 2014 जो 01.04.2014 से प्रभावी 01.04.2014 से प्रभावी हैं, का भी अनुपालन किया जाता है। हमारी सीएसआर पहल ने ईसीएल के 25 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले मुख्य रूप से वंचित, भूमि से बेदखल हुए और परियोजना प्रभावित लोगों (पीएपी) पर केंद्रित कल्याण उपाय करके सामाजिक प्रक्रियाओं के साथ हमारे व्यापार को एकीकृत किया। सीआईएल सीएसआर नीति के तहत प्रावधान के अनुसार, फंड का 80% ईसीएल मुख्यालय / क्षेत्र / परियोजना के 25 किमी के दायरे में उपयोग किया जाना चाहिए और शेष 20% राज्य / राज्य के संचालन क्षेत्र के भीतर खर्च किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया गया कि समाज का गरीब और जरूरतमंद वर्ग अपने विकास और स्थिरता को सहारा देने के लिए अधिकतम लाभ प्राप्त करे। परियोजनाओं और कार्यक्रमों को ईसीएल में निम्नलिखित प्राथमिकता क्षेत्रों में निर्देशित किया गया है:

1. शिक्षा का प्रचार-प्रसार
2. स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य
3. कौशल विकास
4. पेयजल की सुविधा
5. महिला सशक्तिकरण
6. बुनियादी ढांचे का विकास
7. खेलों को बढ़ावा देना
8. पर्यावरणीय और पारिस्थितिक संतुलन सुनिश्चित करना
9. स्वच्छ भारत अभियान

सीएसआर समिति की संरचना:

कंपनी के सीएसआर एंड सतत विकास एजेंडे को चलाने के लिए द्वि-स्तरीय संरचना है जिसमें ईसीएल की सीएसआर और सततता गतिविधियों की योजना, कार्यान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में एक बोर्ड स्तर की समिति तथा महाप्रबंधक (कल्याण एवं सीएसआर) की अध्यक्षता वाली एक बोर्ड स्तर से नीचे की समिति का गठन किया गया है। सीआईएल सीएसआर नीति के दिशानिर्देशों के अनुरूप ईसीएल मुख्यालय में गठित बोर्ड स्तर से नीचे की सीएसआर समिति अवधारणा से लेकर निष्कर्ष तक सीएसआर गतिविधियों का समन्वय करती है वहीं क्षेत्रीय स्तर पर सीएसआर गतिविधियों को लागू करने के लिए अलग-अलग संवर्ग के अधिकारियों को मिलाकर भी एक सीएसआर समिति का गठन किया गयी है।

सीएसआर की उपलब्धियां:

वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान कुल 69 परियोजनाओं को मंजूरी मिली। कुल स्वीकृत सीएसआर परियोजनाओं में से, ईसीएल बोर्ड ने 22 परियोजनाओं को मंजूरी दी है और 47 परियोजनाओं को बोर्ड स्तर से नीचे के प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित किया गया।

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए कंपनी का औसत शुद्ध लाभ:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 198 के अनुसार पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ / कर पूर्व लाभ की 2 प्रतिशत (%) राशि का निर्धारण इस प्रकार है:

विवरण	2015-16	2016-17	2017-18
कर से पहले लाभ (₹ करोड़ में)	1300.04	15.32	-1466.73
घटाएं: परिसंपत्तियों की बिक्री पर लाभ (₹ करोड़ में)	0.31	0.02	0.49
धारा 198 के अंतर्गत लाभ (₹ करोड़ में)	1299.73	15.30	-1467.22 या 0.00
तीन वर्षों के लिए औसत शुद्ध लाभ (₹ करोड़ में)		**438.34**	

इसलिए, औसत शुद्ध लाभ का 2% ₹ 8.767 करोड़ होता है।

निर्धारित सीएसआर व्यय:

ईसीएल द्वारा फंड का प्रावधान सीआईएल की सीएसआर नीति पर आधारित है, जो पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 2% है या पिछले वर्ष के कोयला उत्पादन का ₹ 2 / - प्रति टन जो भी अधिक हो, वित्त वर्ष 2017-18 की खर्च न की गयी सीएसआर राशि इसमें और जोड़ी दी जाएगी। वर्ष 2017-18 में कुल उत्पादन 43.568 मिलियन टन था। इसलिए सीएसआर प्रावधान के अनुसार ₹ 2 / - प्रति टन कोयला उत्पादन की दर से यह राशि ₹ 8.714 करोड़ होगी, जबकि औसत शुद्ध लाभ का 2% की दर से देखा जाए तो यह राशि ₹ 8.767 करोड़ होती है जो कि अधिक है। इस तरह, वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सीएसआर का कुल बजट ₹ 24.289 (₹ 8.767 करोड़ और वित्त वर्ष 2017-18 की खर्च न की गयी ₹ 15.522 करोड़ की राशि का योग) है।

वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की गयी सीएसआर राशि का विवरण:

(क) वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान खर्च की गई कुल राशि: ₹ 16.46 करोड़

(ख) खर्च न की गयी राशि: ₹ 7.83 करोड़

(ग) ईसीएल द्वारा सीएसआर के तहत की गई गतिविधियों की सूची **परिशिष्ट 'क'** के रूप में संलग्न है।

वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए निर्धारित राशि में से खर्च न की गयी राशि का कारण:

क. ग्राम पंचायत, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि आदि जैसे हितधारकों के साथ सहभागिता और उन्हें सीएसआर परियोजनाओं से संबंधित योजना एवं क्रियान्वयन में शामिल करना हमारी सीएसआर नीति के तहत संस्थागत व्यवस्था का मूल भाव है और उनके अपने कार्यों में संलग्न बने रहने से हमारे निर्धारित कार्यक्रम प्रभावित हुए हैं। प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए, प्रमुख कार्यों में ई-टेंडरिंग व्यवस्था को अपनाया गया और अधिक जवाबदेही बनाने के लिए बाहरी प्रस्तावों की मूल्यांकन प्रक्रिया की गहन जांच-पड़ताल की गयी। संक्रमणकालीन अवस्था का समय और कार्य निर्धारण पर प्रभाव पड़ा है। ईसीएल के प्रमुख परिचालन क्षेत्र, पश्चिम बंगाल में मई-जून 2018 में पंचायत चुनाव हुए और पश्चिम बंगाल और झारखंड में वित्तीय वर्ष 2019-20 के अंत में 2019 के आम चुनावों के कारण आचार संहिता लगी। पंचायत चुनावों और आम चुनावों में हितधारकों की व्यस्त रहने से हमारी कुछ दीर्घकालिक सीएसआर परियोजनाओं में देरी हुई, जिनके लिए उनकी सहमति या निष्पादन की आवश्यकता थी। इसके परिणामस्वरूप निर्धारित निष्पादन समय तथा इससे संबद्ध निष्पादन एवं भुगतान में वृद्धि हुई।

एतद् द्वारा यह पुष्टि की जाती है कि ईसीएल की सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी सीआईएल सीएसआर नीति के अनुपालन में है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 और 01.04.2014 से प्रभावी डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप है।

(विनय रंजन)
निदेशक (कार्मिक)

(डॉ इंदिरा चक्रवर्ती)
अध्यक्ष, सीएसआर उप-समिति

दिनांक : 29.07.2019
स्थान : कोलकाता

परिशिष्ट - क

वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए सीएसआर गतिविधियां

(₹ लाख में)

क्र. सं.	गतिविधि	क्षेत्र	बजट परिव्यय	खर्च राशि	31.03.2019 तक संचयी व्यय	राशि सीधे या कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से खर्च की गई
1	आशा स्कूल, ईस्टर्न कमांड जोन, भारतीय सेना के लिए स्कूल बस की खरीद।	शिक्षा	23.43	23.43	23.43	आशा स्कूल, पूर्वी कमान मुख्यालय
2	उखरा नेहरू विद्यापीठ एच एस स्कूल की क्षतिग्रस्त 4 कक्षाओं की मरम्मत	शिक्षा	19.79	19.79	23.49	सीधे
3	निरसा ब्लॉक, मुग्मा में स्कूल भवन का निर्माण	शिक्षा	418.00	356.88	520.14	सीधे
4	ईसीएल, मुख्यालय में और आसपास के सरकारी प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए शिक्षा सहायता कार्यक्रम।	शिक्षा	7.00	6.91	6.91	सांकतोड़िया ग्राम समिति
5	सीधू-कान्हू सरस्वती शिशु मंदिर, ललमनियां में सीढ़ियों सहित 4 कक्षाओं का निर्माण।	शिक्षा	49.27	49.27	49.27	सीधे
6	सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पाकुड़ में 4 कमरे और चारदीवारी का निर्माण।	शिक्षा	49.30	14.00	14.00	सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बालीपुर
7	08 स्कूलों को स्कूल बेंच उपलब्ध कराना।	शिक्षा	9.14	9.04	9.04	सीधे
8	मीजिया गर्ल्स एचएस, बांकुरा में आयरन रिमूवर के साथ दो वाटर प्यूरीफायर और कूलर।	शिक्षा	4.52	4.26	4.26	सीधे
9	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान सी-पेट (CIPET), भुवनेश्वर में प्रशिक्षण के लिए अतिरिक्त 80 उम्मीदवारों की स्वीकृति।	कौशल विकास	24.40	19.20	43.60	सीआईपीईटी
10	खनन सरदार एससी / एसटी उम्मीदवारों का प्रशिक्षण।	कौशल विकास	11.17	11.17	14.50	ईसीएल-मानव संसाधन विकास
11	सांकतोड़िया के बेरोजगार युवाओं के लिए विद्युत कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम।	कौशल विकास	9.99	5.45	5.45	एसएसआरडीपी
12	आईटीआई, पुरुषोत्तम, रामकली में कर्मशालाओं का निर्माण तथा फिटर और इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के लिए उपकरणों की खरीद।	कौशल विकास	48.53	38.83	38.83	ज्ञापन रामकनाली पुरुषोत्तम प्राइवेट आईटीआई के साथ समझौता ज्ञापन
13	आईटीआई सिकिटिया, गोड्डा का संचालन एवं रखरखाव (वित्त वर्ष: 2017-18)	कौशल विकास	46.66	23.33	23.33	जेएसपीएल
14	उन्नति - महिलाओं द्वारा चलाया जाने वाला एक हस्तशिल्प सूक्ष्म उद्योग	कौशल विकास	12.44	12.44	12.44	श्रीओशी (SRREOSHI), सोसाइटी
15	सेबा संघ द्वारा आतिथ्य एवं पर्यटन और स्वास्थ्य देखभाल ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण	कौशल विकास	16.56	10.54	17.64	सेवा संघ
16	आईटीआई सिकिटिया , गोड्डा का संचालन और रखरखाव (वित्त वर्ष : 2018-19)।	कौशल विकास	54.44	54.44	54.44	जेएसपीएल

क्र. सं.	गतिविधि	क्षेत्र	बजट परिव्यय	खर्च राशि	31.03.2019 तक संचयी व्यय	राशि सीधे या कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से खर्च की गई
17	वीटीसी, सालनपुर क्षेत्र में 3 साल का विद्युत कौशल प्रशिक्षण।	कौशल विकास	12.44	8.89	12.35	एसएसआरडीपी
18	जमेरी जीपी में स्कूल यूनिफॉर्म टेलरिंग यूनिट के माध्यम से स्वयं सहायता समूह के लिए आजीविका।	कौशल विकास	10.82	5.41	5.41	एसएसआरडीपी
19	सुपोल धोड़ा, सीतलपुर में स्नान घाट तथा कपड़े बदलने के स्थान का निर्माण।	ग्रामीण विकास	1.14	1.14	1.98	बरजोरा समाज कल्याण केंद्र
20	दिशेरगढ़ घाट पर दोहरे विद्युत इलेक्ट्रिक श्मशान घाट का निर्माण।	ग्रामीण विकास	57.75	25.24	185.16	आसनसोल नगर निगम
21	जामगोड़ा गांव में पीसीसी सड़क का निर्माण।	ग्रामीण विकास	1.22	1.22	1.22	सीधे
22	जीटी रोड (NH-2) से श्री श्री रवि शंकरजी आश्रम, मध्य कजोर तक बिटुमिनस रोड का निर्माण।	ग्रामीण विकास	49.86	35.95	35.95	सीधे
23	जमुरिया ब्लॉक के तहत डासना गांव में प्रोजेक्ट बेलबैद ओसीपी और नॉर्थ सेरोसोशन ओसीपी के पास कुनुस्टोरिया एरिया के तहत बर्निंग घाट, तोरण, आरामगाह का निर्माण।	ग्रामीण विकास	21.08	20.45	20.45	सीधे
24	परबेलिया ग्रुप के पास चटर्जी पाड़ा से गोराई पाड़ा तक हिजुली गांव में पुलिया और नाली के साथ पीसीसी सड़क का निर्माण।	ग्रामीण विकास	40.89	35.32	35.32	सीधे
25	सीएसआर के तहत अलडीह एफ. पी. स्कूल में बाउंड्री वॉल और विविध कार्यों का निर्माण।	ग्रामीण विकास	3.14	3.14	3.14	सीधे
26	गोविंदपुर गांव में आरसीसी छत, सामुदायिक कक्ष / ग्रीन रूम और सांस्कृतिक मंच के साथ चारदीवारी / सुरक्षा दीवार का निर्माण।	ग्रामीण विकास	20.11	16.67	16.67	सीधे
27	महेशपुर और गंगासागर तालाब महागामा में समुंद्र बंध की मरम्मत, जीर्णोद्धार और पुनरुद्धार।	ग्रामीण विकास	460.33	230.17	230.17	डीसी, गोड्डा
28	भारत सेवाश्रम संघ, दुमका के स्कूल भवन का निर्माण।	ग्रामीण विकास	24.91	24.91	24.91	सीधे
29	इथोरा स्कूल में चारदीवारी का निर्माण	ग्रामीण विकास	5.09	3.93	3.93	सीधे
30	कालीपत्थर गाँव में पीसीसी सड़क का निर्माण	ग्रामीण विकास	16.02	12.85	12.85	सीधे
31	नकटी कन्यापुर प्राथमिक विद्यालय में चारदीवारी का निर्माण।	ग्रामीण विकास	4.62	4.62	4.62	बीडीओ बाराबनी के साथ समझौता ज्ञापन
32	साधुना एसएसके में नाली के साथ रसोई का निर्माण।	ग्रामीण विकास	4.15	3.07	3.07	सीधे
33	खास कांडा गांव में शौचालय सहित पुस्तकालय सह सामुदायिक हॉल बरामदे का निर्माण।	ग्रामीण विकास	11.60	11.17	11.17	सीधे
34	ग्रामीणों और स्कूल जाने वाले बच्चों के परिवहन के लिए 2 ट्रेकर्स उपलब्ध कराना।	ग्रामीण विकास	11.09	3.04	3.04	सोनेपुर बाजारी

क्र. सं.	गतिविधि	क्षेत्र	बजट परिव्यय	खर्च राशि	31.03.2019 तक संचयी व्यय	राशि सीधे या कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से खर्च की गई
35	श्रीपुर हाई स्कूल में रिग बोर-कुएं के माध्यम से पीने के पानी के साथ पहली मंजिल पर 02 कक्षाओं का निर्माण और फर्नीचर।	ग्रामीण विकास	16.80	16.80	16.80	सीधे
36	आम्रसोटा, जी.पी. में बेसलाइन सर्वेक्षण से बाहर आईएचएचएल का निर्माण।	स्वच्छता	9.10	9.10	18.20	आम्रसोटा जी.पी.
37	देवघर में श्रावणी मेला के बाद स्वच्छता और सफाई सेवाएं।	स्वच्छता	3.00	3.00	3.00	डीसी, देवघर
38	रानीगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत जेमेरी, रातीबती और तिरत में ईसीएल के सीएसआर कार्यक्रम के तहत आईएचएचएल का निर्माण।	स्वच्छता	27.48	27.48	137.40	बीडीओ रानीगंज
39	मुगमा, सालानपुर, श्रीपुर, सोदेपुर, एमआरएस और ईसीएल, मुख्यालय के गांवों के आसपास तीन साल की अवधि के लिए मोबाइल मेडिकल वैन (एमएमवी) का संचालन	स्वास्थ्य देखभाल	28.90	22.07	22.07	एचएलएफपीपीटी
40	झांझरा, बांकोला और पांडवेश्वर क्षेत्र के गांवों के आसपास तीन साल की अवधि के लिए मोबाइल मेडिकल वैन (एमएमवी) का संचालन	स्वास्थ्य देखभाल	26.58	12.37	12.37	आर के एचआईवी एड्स
41	राजमहल क्षेत्र के गांवों के आसपास तीन साल की अवधि के लिए मोबाइल मेडिकल वैन (एमएमवी) का संचालन।	स्वास्थ्य देखभाल	27.06	9.39	9.39	आरके एचआईवी एड्स
42	एसपी माइंस क्षेत्र के गांवों के आसपास तीन साल की अवधि के लिए मोबाइल मेडिकल वैन (एमएमवी) का संचालन।	स्वास्थ्य देखभाल	28.90	22.94	22.94	एचएलएफपीपीटी
43	सोनेपुर बाजारी और कांडा क्षेत्र के गांवों के आसपास तीन साल की अवधि के लिए मोबाइल मेडिकल वैन (एमएमवी) का संचालन।	स्वास्थ्य देखभाल	26.58	15.25	15.25	आरके एचआईवी एड्स
44	सतग्राम क्षेत्र और कल्ला अस्पताल के गांवों के आसपास तीन साल की अवधि के लिए मोबाइल मेडिकल वैन (एमएमवी) का संचालन।	स्वास्थ्य देखभाल	26.58	9.97	9.97	आरके एचआईवी एड्स
45	चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर	स्वास्थ्य देखभाल	5.83	4.18	4.18	सीधे
46	इंद्रधनुष परियोजना	दिव्यांग जन	3.92	3.92	7.84	आसनसोल अनादम
47	दिव्यांगजनों के लिए सहायता और उपकरणों का वितरण।	दिव्यांग जन	66.57	66.57	66.57	एलिम्को
48	केंडा गाँव, केंडा मौजा को पानी की आपूर्ति की व्यवस्था।	जलापूर्ति	85.06	80.15	80.15	सीधे
49	नेताजी सुभाष मोड़ और विवेकानंद मोड़, सांकतोड़िया में 2 कूलर-सह-प्यूरीफायर की स्थापना	जलापूर्ति	0.97	0.97	0.97	सांकतोड़िया ग्राम समिति
50	मोहनपुर प्रेशर फिल्टर से पानी के टैंकर के माध्यम से आसपास के गांवों में घरेलू पानी की आपूर्ति।	जलापूर्ति	2.27	2.27	6.08	सीधे
51	भूराडांगा गाँव में वर्षा जल संचयन (सिंचाई परियोजनाएँ)	जलापूर्ति	3.45	3.45	4.08	सीधे

क्र. सं.	गतिविधि	क्षेत्र	बजट परिव्यय	खर्च राशि	31.03.2019 तक संचयी व्यय	राशि सीधे या कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से खर्च की गई
52	भागरान गाँव में 02 रिग बोर कुओं की स्थापना	जलापूर्ति	1.15	0.60	0.60	सीधे
53	बाराबनी ब्लॉक के 08 गाँवों को घरेलू पानी की आपूर्ति।	जलापूर्ति	32.87	24.61	24.61	सीधे
54	सालनपुर ब्लॉक के 09 जीपी में पानी के टैंकर के माध्यम से पीने के पानी की आपूर्ति।	जलापूर्ति	9.25	7.43	7.43	बीडीओ सालनपुर के साथ समझौता ज्ञापन
55	बांकुरा जिले के रंगमती केंदाना हाई स्कूल में गहरी बोरिंग द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था।	जलापूर्ति	10.75	9.93	9.93	सीधे
56	तीरत मौजा में पीएचई पंप हाउस से अमकोला गाँव के लिए पेयजल व्यवस्था।	जलापूर्ति	68.89	68.89	68.89	पीएचई कार्यालय, आसनसोल
57	कौशल विकास, ब्यूटी थेरेपी ट्रेड के माध्यम से महिला सशक्तिकरण	महिला सशक्तिकरण	19.18	5.75	5.75	एसएसआरडीपी
58	विभिन्न क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों (एटीसी) में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले ईसीएल फुटबॉल अकादमी के चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष आहार।	खेल	12.15	8.86	8.86	सीधे
59	ईसीएल फुटबॉल अकादमी के लिए चयनित लड़कों के लिए स्पोर्ट्स किट	खेल	8.33	8.27	8.27	सीधे
60	एएमसी द्वारा 10 मिनी टिपर की खरीद।	पर्यावरणीय स्थिरता	4.58	4.58	45.82	आसनसोल नगर निगम
61	बशोरा समाज कल्याण केंद्र के लिए दिशेरगढ़ एससी और एसटी बस्ती के लिए 110 सौर लैंपों की स्थापना।	पर्यावरणीय स्थिरता	9.30	9.30	18.59	बरजोरा समाज कल्याण केंद्र
62	ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में सीएसआर कार्यों के लिए ऑनलाइन एमआईएस की स्वीकृति।	विविध	1.10	1.10	1.10	डिफ्यूजन एडवर्टाइज एंड पब्लिकेशन इंक
63	सरकारी आश्वासन, राज्य सभा की संसदीय समिति के सदस्यों के बीच वितरण के लिए रंगीन पुस्तिकाओं का मुद्रण।	विविध	0.05	0.05	0.05	डिफ्यूजन एडवर्टाइज एंड पब्लिकेशन इंक
64	एएससीआई, हैदराबाद में 07-09 मई, 2018 के दौरान एसटीपी और एफएसटीपी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।	विविध	0.40	0.40	0.40	ईसीएल-मुख्यालय
65	दिसंबर 2017 से फरवरी 2018 की अवधि के लिए टिस्स (TISS) को भुगतान।	विविध	0.90	0.90	0.90	ईसीएल-मुख्यालय
66	सीएसआर के लिए 08 प्रतियों (प्रत्येक में 144 पृष्ठ) में दस्तावेजों की आपूर्ति के लिए ₹ 2016 स्वीकृति।	विविध	0.02	0.02	0.02	ईसीएल-मुख्यालय
67	आईआईसीए, मानेसर में 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।	विविध	0.40	0.40	0.40	ईसीएल-मुख्यालय
68	बोर्ड की बैठक के लिए मुद्रण	विविध	0.07	0.07	0.07	ईसीएल-मुख्यालय
69	कुल व्यय के 5% तक सीमित सामुदायिक विकास अधिकारियों के वेतन का प्रभाव (₹ 15.67 लाख)	प्रशासनिक व्यय	0.00	78.27	0.00	ईसीएल-मुख्यालय
	कुल		**2129.34**	**1645.50**	**2111.60**	

परिशिष्ट-VI

कॉरपोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट

1. दर्शन:

कॉरपोरेट गवर्नेंस को उन प्रणालियों, प्रक्रियाओं और सिद्धांतों के एक समूह के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि एक कंपनी सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित में शासित है। ईसीएल का दृढ़ विश्वास है कि कॉरपोरेट गवर्नेंस एक ऐसी संस्कृति है जिसके तहत एक संस्था का पोषण और विकास उसके मूलभूत मूल्यों और उस माध्यम से होता है जिसके द्वारा वह जनता के विश्वास और अपने हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करता है। ईसीएल में, यह केवल कानूनों और नैतिक मानकों का अनुपालन नहीं है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश है जो न केवल हमारी प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि हमारे व्यवसाय को परिचालित करने और बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

पारदर्शिता, जवाबदेही और अखंडता अच्छे कॉरपोरेट गवर्नेंस की मुख्य घटक हैं। एक अच्छे कॉरपोरेट नागरिक के रूप में आपकी कंपनी कॉरपोरेट गवर्नेंस के उच्चतम मानकों का पालन करने में विश्वास करती है। ईसीएल सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत भारत के नागरिकों को पर्याप्त सूचना उपलब्ध कराता है।

2. निदेशक मंडल:

(क) बोर्ड संरचना:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) के तहत हम एक सरकारी कंपनी हैं, क्योंकि कोल इंडिया लिमिटेड के पास संपूर्ण पेड-अप शेयर कैपिटल है। एसोसिएशन के नियमानुसार निदेशक नियुक्त करने की शक्ति भारत के राष्ट्रपति के पास है।

कंपनी के एसोसिएशन के नियमों के आलोक में हमारे बोर्ड में निदेशकों की संख्या न्यूनतम 2 और अधिकतम 15 होगी। ये निदेशक या तो पूर्णकालिक प्रकार्य निदेशक या अंशकालिक निदेशक हो सकते हैं। निदेशकों को कोई भी योग्यता-शेयर रखने की आवश्यकता नहीं है।

31 मार्च, 2019 तक, बोर्ड में 9 निदेशक शामिल थे, जिनमें से 5 पूर्णकालिक प्रकार्य निदेशक, 2 अंशकालिक सरकारी निदेशक और 2 अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक थे। निदेशकगण बोर्ड को व्यापक स्तर पर अनुभव एवं कौशल प्रदान करते हैं।

निदेशकों की आयु सीमा एवं कार्यकाल:

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और अन्य पूर्णकालिक प्रकार्य निदेशकों की आयु सीमा 60 वर्ष है। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक और अन्य पूर्णकालिक प्रकार्य निदेशकों को पदभार ग्रहण करने की तारीख से पांच साल की अवधि अथवा उनके सेवानिवृत्ति अथवा भारत सरकार के अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो के लिए नियुक्त किया जाता है। निदेशक मंडल में शामिल कोई भी निदेशक दस से अधिक सार्वजनिक कंपनियों में निदेशक के पद पर नहीं है। इसके अलावा, उन सभी सार्वजनिक कंपनियों में, जिनमें वे निदेशक हैं,के दस से अधिक समितियों का सदस्य अथवा पांच से अधिक समितियों का अध्यक्ष नहीं हैं।31 मार्च, 2019 तक अन्य सार्वजनिक कंपनियों में समिति के पदों के संबंध में आवश्यक स्पष्टीकरण निदेशकों द्वारा किए गए हैं। कोई भी निर्देशक एक-दूसरे से संबंधित नहीं हैं। कोयला मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी नामित निदेशक, कोयला मंत्रालय के अधिकारी होने के लिए बोर्ड से सेवानिवृत्त होते हैं। स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 में निर्दिष्ट स्वतंत्रता की शर्तों को पूरा करते हैं।

(ख) बोर्ड की बैठकें:

निदेशकों की सुविधा के लिए निदेशक मंडल की बैठक आम तौर पर सांकटोरिया / कोलकाता में आयोजित की जाती है। कंपनी ने निदेशक मंडल और समितियों की बैठकों के लिए प्रक्रियाओं को अच्छी तरह से परिभाषित किया है ताकि सूचित और कुशल तरीके से निर्णय लेने में सुविधा हो सके।

वित्तीय वर्ष में 4 बैठकों की न्यूनतम आवश्यकता की तुलना में 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान, दिनांक10.04.2018, 04.05.2018, 26.05.2018, 12.06.2018, 04.07.2018, 29.07.2018, 22.09.2018, 13.10.2018, 30.10.2018,07.12.2018, 28.01.2019 एवं13.03.2019 12 बैठकें को आयोजित की गई।

प्रत्येक निदेशक द्वारा बोर्ड बैठकों में उपस्थिति की संख्या का विवरण निम्नलिखित है:

क्र. सं.	निदेशक	बोर्ड बैठक		अन्य निदेशकों की सं.
		कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थिति	
	प्रकार्य निदेशकगण:			
1	श्री प्रेम सागर मिश्र अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, ईसीएल (20.08.2018 से)	06	06	NIL
2	श्री अजय कुमार सिंह अध्यक्ष-सह –प्रबंध निदेशक, ईसीएल (अतिरिक्त प्रभार) (30.06.2018 तक)	04	04	01
3	श्री सुनील कुमार झा निदेशक (तकनीकी) परिचालन,अतिरिक्त प्रभार, सीएमडी, ईसीएल (01.07.2018 से 19.08.2018 तक)	12	12	NIL
4	श्री जयप्रकाश गुप्ता निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना (18.06.2018 से)	08	08	NIL
5	श्री संजीव सोनी निदेशक (वित्त) (19.06.2018 से)	08	08	NIL
6	श्री विनय रंजन निदेशक (कार्मिक) (16.08.2018 से)	06	06	NIL
7	श्री के एस पात्रो निदेशक (कार्मिक) (31.05.2018 तक)	03	03	NIL
अंशकालिक सरकारी निदेशकगण:				
8	श्री निरंजन कुमार सुधांशु संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय (03.10.2018 तक)	07	02	01
9	सुश्री विस्मिता तेज,संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय (03.10.2018 से10.01.2019 तक)	03	02	01
10	श्री भबानी प्रसाद पति संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय (10.01.2019 से)	02	02	01
11	श्री चंदन कुमार डे निदेशक (वित्त), सीआईएल (30.09.2018 तक)	07	06	06
12	श्री एस. एन. प्रसाद निदेशक (विपणन), सीआईएल(10.12.2018 से)	02	02	04
अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकगण:				
12	डॉ. इंदिरा चक्रवर्ती	12	12	NIL
13	श्री प्रवीण कांत (13.12.2018 से)	02	02	05

(ग) निदेशक मंडल के समक्ष रखी गई सूचनाएं:

बोर्ड के पास कंपनी से संबंधित किसी भी सूचना को प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। बोर्ड को आवश्यकतानुसार कई सूचनाएं उपलब्ध कराई गई, जिसमें निम्नलिखित भी शामिल है:

1) वार्षिक परिचालन योजना, बजट तथा सभी प्रकार के अद्यतन।
2) कैपिटल बजट और तथा सभी प्रकार के अद्यतन।
3) कंपनी तथा इसके परिचालन विभागों या व्यावसायिक क्षेत्रों की त्रैमासिक रिपोर्ट।
4) लेखा परीक्षा समिति और बोर्ड की अन्य समितियों की बैठकों के कार्यवृत्त।
5) मुख्य वित्त अधिकारी और कंपनी सचिव की नियुक्ति या पदच्युत करने सहित बोर्ड स्तर से नीचे के वरिष्ठ अधिकारियों की भर्ती और पारिश्रमिक संबंधी सूचना।
6) कारण बताओ, मांग, अभियोजन सूचना तथा अर्थदंड सूचना जो आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण हैं।
7) घातक या गंभीर दुर्घटनाएँ, खतरनाक घटनाएँ, किसी भी सामग्री का प्रवाह या प्रदूषण की समस्या।
8) कंपनी से संबंधित और उसके द्वारा बेची गई वस्तुओं के वित्तीय दायित्वों में कोई भी आर्थिक चूक या कंपनी द्वारा पर्याप्त भुगतान न किए जाने पर।
9) कोई भी मुद्दा, जिसमें किसी भी निर्णय या आदेश सहित पर्याप्त प्रकृति के संभावित सार्वजनिक या उत्पाद देयता के दावे शामिल होते हैं, जो कंपनी के संचालन पर सख्ती से पारित हो सकते हैं या किसी अन्य उद्यम के बारे में प्रतिकूल दृष्टिकोण ले सकते हैं और जो कंपनी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।
10) किसी भी संयुक्त उद्यम या सहयोग-समझौते का विवरण।
11) महत्वपूर्ण श्रम समस्याएं और उनके प्रस्तावित समाधान। मानव संसाधन/औद्योगिक संबंधों में कोई महत्वपूर्ण विकास जैसे कि वेतन समझौता पर हस्ताक्षर, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना का कार्यान्वयन आदि।
12) किसी भी नियामक और सांविधिक का गैर-अनुपालन।

